

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शनिवार, 31 अगस्त 2024

संवत 2081, भादपद कृष्ण 12 संवत मूल्य-2 रुपये

वर्ष-7, अंक 351 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 पहले की तरह आत्मविश्वास और शक्ति का संतुलन ?

मुझे इंदिरा गांधी के जीवन से मिला सबसे बड़ा सबक है : कंगना रनौत 6







## हेमंत सरकार की 'मंईयां सम्मान योजना' पर लग सकता है 'ग्रहण', रोक लगाने के लिए हाई कोर्ट में याचिका

मेट्रो रेज



**रांची:** झारखंड में चुनाव से पहले एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। सिमडेगा निवासी विष्णु साहू ने अपने वकील राजीव कुमार के जरिये जनहित याचिका दायर कर इस योजना पर रोक लगाने की मांग की है। याचिकाकर्ता का आरोप है कि सरकार चुनाव नजदीक देखकर मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त की योजनाएं बांट रही है।

याचिका में सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले का भी हवाला दिया गया है, जिसमें कहा गया था कि मुफ्त में कुछ भी नहीं बांटा जा सकता। याचिकाकर्ता का तर्क है कि यह योजना पूरी तरह से चुनावी लाभ के लिए लाई गई है और सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शों का उल्लंघन करती है, इसलिए इसे तुरंत बंद किया जाना चाहिए।

'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के तहत, अगर किसी परिवार में तीन महिलाएं और बुजुर्ग सदस्य हैं, तो उन्हें सरकार सालाना 60 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देगी। इतना ही नहीं, अगली बार सरकार बनने पर इस राशि को बढ़ाकर एक लाख रुपये प्रति परिवार करने का भी वादा किया गया है। सरकार का दावा है कि इस योजना से अब तक 42 लाख से ज्यादा महिलाएं जुड़ चुकी हैं।

लोबिन हेम्ब्रम ने थामा बीजेपी का दामन, कहा-

# झामुमो नहीं, नेता से नाराजगी

मेट्रो रेज



**रांची:** कोल्हान से झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कद्दावर नेता चंपाई सोरेन के बाद पार्टी के एक और पूर्व विधायक पर भगवा रंग चढ़ गया है। संताल परगना के बोरियो से निर्वाचित लोबिन हेम्ब्रम भी अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। रांची के भाजपा मुख्यालय में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ली। झारखंड भाजपा कार्यालय में आयोजित समारोह में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने लोबिन हेम्ब्रम का स्वागत किया।

असम के मुख्यमंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव के सह-प्रभारी हिमंता बिस्व सरमा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने लोबिन हेंब्रम को माला पहनाकर और अंगवस्त्र देकर भाजपा में शामिल करवाया। इस अवसर पर चंपाई सोरेन भी मौजूद थे। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन ने भी उन्हें भाजपा का पट्टा पहनाया। लोबिन हेम्ब्रम ने झारखंड आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई। संताल परगना के लोकप्रिय नेता 5 बार विधायक रह चुके हैं। लोबिन हेम्ब्रम ने कहा है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) से उनकी कोई नाराजगी नहीं है। वह पार्टी की नई पीढ़ी के नेता से नाराज हैं। पुराने नेताओं की कोई इज्जत पार्टी में नहीं रह गई है। धीरे-धीरे पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता झामुमो से किनारा कर लेंगे। अभी और कई लोग पार्टी छोड़ेंगे। इसके पहले चंपाई सोरेन ने भी ऐसे ही संकेत दिए थे। हालांकि, उन्होंने खुलकर कुछ नहीं कहा, लेकिन पत्रकारों ने जब उनसे लोबिन हेम्ब्रम के बारे में पूछा था, तो उन्होंने कहा- अभी देखते जाइए।

नासा की चिंता बढ़ी

## आठ महीने तक अंतरिक्ष में ही रहेंगी सुनीता विलियम्स,कल्पना चावला की दिलाई याद



**नई दिल्ली :** भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स अपने साथी बुश विल्मोर के साथ अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर फंसी हैं। नासा ने उनको वापस लाने के लिए 2025 की फरवरी का समय तय किया है। इसके साथ ही वह अंतरिक्ष में आठ महीने रहेंगी।

पूर्व अंतरिक्ष यात्री ने जताई चिंताः नेल्सन ने कहा कि अंतरिक्ष उड़ान अपने सबसे सुरक्षित और सबसे नियमित होने पर भी जोखिम भरी है। एक परीक्षण उड़ान, स्वभाव से, न तो सुरक्षित है और न ही नियमित। बुच और सुनीता को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर रखने और बोइंग के स्टारलाइनर को चालक दल के बिना घर लाने का निर्णय सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का परिणाम है।

इसी बीच सुनीता विलियम्स ने एक और भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री रहीं, कल्पना चावला की याद दिला दी है। कल्पना चावला एक भारतीय-अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री और इंजीनियर थीं, जिन्होंने अंतरिक्ष की यात्रा करने वाली भारतीय मूल की पहली महिला बनकर इतिहास रचा दिया था। उन्होंने दो अंतरिक्ष शटल मिशनों पर उड़ान भरी थी, पहली 1997 में एसटीएस-87 और दूसरी 2003 में एसटीएस-107।

दुख की बात है कि कल्पना चावला का जीवन तब समाप्त हो गया, जब एक फरवरी, 2003 को अंतरिक्ष शटल कोलंबिया पुनः प्रवेश के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उनकी और चालक दल के छह अन्य सदस्यों की मृत्यु हो गई। कोलंबिया दुर्घटना से पहले, 28 जनवरी, 1986 को अंतरिक्ष यान चैलेंजर में विस्फोट हो गया था और सभी चालक दल मारे गए थे। कुल मिलाकर, इन दुर्घटनाओं में 14 अंतरिक्ष यात्रियों की जान चली गई है। कल्पना चावला की मृत्यु ने नासा को गहरा घाव दिया है।

कल्पना चावला की दक्षिणी अमेरिका के आसमान में उस समय मृत्यु हो गई जब निर्धारित लैंडिंग से 16 मिनट पहले अंतरिक्ष यान कोलंबिया और उसका दल पुनः प्रवेश के दौरान टूट गए। वह 1976 में कल्पना की प्रारंभिक पढ़ाई हरियाणा के करनाव के टैगोर बाल निकेतन में हुई। कल्पना जब आठवीं कक्षा में पहुचीं तो उन्होंने इंजीनियर बनने की इच्छा प्रकट की और 1982 में पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज से एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में बीएससी की डिग्री हासिल की।

जिला न्यायपालिका राष्ट्रीय सम्मेलन में पीएम मोदी ने कहा-

## 'महिलाओं के खिलाफ अत्याचार मामलों में फैसले जितनी जल्दी आएंगे, भरोसा उतना ज्यादा

**नई दिल्ली:** भारत के सर्वोच्च न्यायालय का जिला न्यायपालिका का छह सत्रों वाला दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन शनिवार से शुरू हुआ। इसके उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने टिकट और सिक्के का अनावरण किया। महिलाओं खिलाफ अपराध और बच्चों की सुरक्षा पर भी उन्होंने प्रतिक्रिया दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार के मामलों में जितनी तेजी से न्याय मिलेगा, उतनी जल्दी आधी आबादी को सुरक्षा का भरोसा मिलेगा। पीएम मोदी के साथ केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, मुख्य न्यायाधीश डीवाई



चंद्रचूड़ और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल भी इस समारोह का हिस्सा बनें।

भारत के सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पीएम मोदी ने भी समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा, सुप्रीम कोर्ट के 75 वर्ष, ये केवल एक संस्था की यात्रा नहीं है। ये यात्रा है, भारत के संविधान और संवैधानिक मूल्यों की। ये यात्रा है, एक लोकतंत्र के रूप में भारत के और परिपक्व होने की।

उन्होंने आगे कहा, भारत के लोगों ने कभी सुप्रीम कोर्ट पर, हमारी न्यायपालिका पर अविश्वास नहीं किया। इसलिए, सुप्रीम कोर्ट के ये 75 वर्ष, मदर ऑफ डेमोक्रेसी के रूप में भारत के गौरव को और बढ़ाते हैं। आजादी के अमृतकाल में 140 करोड़ देशवासियों का एक ही सपना है- विकसित भारत, नया भारत। नया भारत, यानी - सोच और संकल्प से एक आधुनिक भारत। हमारी न्यायपालिका इस विजन का एक मजबूत स्तम्भ है।

प्रधानमंत्री ने कहा, न्याय में देरी को खत्म करने के लिए बीते एक दशक में कई स्तर पर काम हुए हैं। पिछले 10 वर्षों में देश ने न्यायिक संरचना के विकास के लिए लगभग 8 हजार करोड़ रुपए खर्च किए हैं। पिछले 25 साल में जितनी राशि न्यायिक संरचना पर खर्च की गई, उसका 75 प्रतिशत पिछले 10 वर्षों में ही हुआ है। भारतीय न्याय संहिता के रूप में हमें नया भारतीय न्याय विधान मिला है। इन कानूनों की भावना है- 'नागरिक पहले, गरिमा पहले और न्याय पहले'। हमारे आपराधिक कानून शासक और गुलाम वाली औपनिवेशिक सोच से आजाद हुए हैं।

महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर भी पीएम मोदी ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, आज महिलाओं के खिलाफ अत्याचार, बच्चों की सुरक्षा, समाज की गंभीर चिंता है। देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई कठोर कानून बने हैं, लेकिन हमें इसे और सक्रिय करने की जरूरत है। महिला अत्याचार से जुड़े मामलों में जितनी तेजी से फैसले आएंगे, आधी आबादी को सुरक्षा का उतना ही बड़ा भरोसा मिलेगा।



### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन वंदे भारत ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

**नई दिल्लीः** देश को 3 और वंदे भारत ट्रेन की सौगात मिल चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीनों ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए डा एमजीआर चेन्नई सेंट्रल -नागरकोइल वंदे भारत और मदुरै- बेंगलुरु छावनी वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। इसके अलावा मेरठ से लखनऊ के लिए भी वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई गई।

केदारनाथ में बड़ा हादसा

# एमआई17 से एयरलिफ्ट कर ले जाया रहा खराब हेलीकॉप्टर नदी में गिरा

**देहरादून:** उत्तराखंड के रूद्रप्रयाग जिले में स्थित केदारनाथ धाम में गत 24 मई को तकनीकी खराबी आने से जिस प्राइवेट कंपनी के हेलीकॉप्टर को आपात स्थिति में उतारा गया था वह शनिवार सुबह एमआई17 से एयरलिफ्ट कर ले जाने के दौरान नदी में गिर गया। हेलीकॉप्टर को ठीक करने के उद्देश्य से वायु सेना के एमआई17 हेलीकॉप्टर की मदद से टांग (हैंग) कर गौचर हवाई पट्टी पहुंचाया जा रहा था। इस दौरान, थारू कैंप के पास लिनचोली में नदी में खराब हेलीकॉप्टर गिर गया। जानकारी के अनुसार, राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के गोताखोर मौके पर पहुंच, नदी में हेलीकॉप्टर का मलवा खोज रहे हैं। जबकि, रूद्रप्रयाग के जिला पर्यटन अधिकारी (डीटीओ) ने दावा किया कि खराब हेलीकॉप्टर को ले जाने वाला एमआई17 असंतुलित होने लगा। खतरे को






भांपते हुए पायलट ने खाली स्थान देखते हुए हेलीकॉप्टर को घाटी में ड्रॉप कर दिया। एसडीआरएफ के कमांडेंट, आईपीएस मणिकांत मिश्रा ने बताया कि आज पुलिस चौकी, लिनचोली के माध्यम से एसडीआरएफ रेस्क्यू टीम को सूचना मिली कि एक प्राइवेट कंपनी का खराब हेलीकॉप्टर, जिसे दूसरे हेलीकॉप्टर द्वारा टो कर श्री केदारनाथ हेलीपैड से गोचर हेलीपैड के लिए ले जाया जा रहा था। थारू कैंप के पास लिनचोली में नदी में खराब हेली गिर गया। उन्होंने बताया कि एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच चुकी है और राहत कार्य जारी है। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। टीम द्वारा खोजबीन की जा रही है। दूसरी ओर डीटीओ रूद्रप्रयाग राहुल चौबे ने बताया कि 24 मई को क्रिस्टल एविएशन कंपनी में तकनीकी खराबी आने के कारण पायलट की सूझबूझ से हेलीकॉप्टर को केदारनाथ हेलीपैड से कुछ दूरी पहले ही आपात स्थिति में लैंडिंग कराई गई थी। पायलट की सूझबूझ से हेली में सवार सभी यात्रियों की सुरक्षित लैंडिंग हुई थी।

उन्होंने बताया कि आज खराब हेलीकॉप्टर को ठीक करवाने के लिए गौचर हवाई पट्टी ले जाने की योजना थी। जिसके लिए सुबह करीब सात बजे वायु सेना के एमआई 17 हेलीकॉप्टर से क्रिस्टल एविएशन के हेली को हैंग कर गौचर पहुंचाया जाना था। थोड़ा दूरी पर आते ही हेली के भार एवं हवा के प्रभाव से एमआई 17 का संतुलन बिगड़ने लगा, जिसके चलते थारू कैंप के नजदीक पहुंचने पर एमआई 17 से हेलीकॉप्टर को ड्रॉप करना पड़ा। चौबे बताया कि खराब हेलीकॉप्टर में कोई यात्री या सामान नहीं था। सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। टीम स्थिति का मुआयना कर रही है। उन्होंने सभी लोगों से अपील की है कि हेलीकॉप्टर गिरने से किसी के हताहत होने संबंधित अफवाह न फैलाई जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### अवैध शराब की खुलेआम बिक्री से नशे की गिरफ्त में युवा पीढ़ी

**कोडरमा:** जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत नेरु पहाड़ी, शाहिद चौक, बाजार रोड, चौकी नंबर 11, काली मंडा, गिरिडीह रोड, महेशपुर चौक एवं आसपास में जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते खुलेआम अवैध शराब की बिक्री हो रही है, जिससे युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में फंसती जा रही है। लोकसभा चुनाव के दौरान अवैध शराब के कारोबार पर आचार संहिता के डंडे का कोई जोर नही दिखा। स्थानीय लोग कहते है अवैध शराब बेचने वालों को प्रशासन का संरक्षण प्राप्त है यही कारण है कि पैसे के खातिर जहरीले शराब बेचने वालों का मनोबल बढ़ा हुआ है। स्थानीय पुलिस वाहन को दिनभर में इस रास्ते से गुजरते हुए दिनभर में कई एक बार देखे जाते है लेकिन पुलिस यह सब कुछ देखते हुए भी अनदेखी करती है। युवाओं में नशे के लत के कारण तरह तरह का अपराध बढ़ रहा है जो आने वाले समय के लिए चिंता का विषय है।

### 27वें एक्सपो उत्सव के लिए कार्यालय का उद्घाटन



**रांची:** जेसीआई रांची ने अपने 27 वें एक्सपो उत्सव के कार्यालय का उद्घाटन कॉमर्स टावर, लाइन टैंक रोड स्थित अपने कार्यालय में किया। इस अवसर पर अध्यक्ष जेसी विक्रम चौधरी ने बताया कि इस वर्ष एक्सपो 26 सितम्बर से 2 अक्टूबर के बीच मोरहाबादी मैदान रांची में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देश-विदेश के 350 से अधिक स्टॉल धारक अपना स्टॉल लगाएंगे। एक्सपो 2024 के मुख्य संयोजक जेसी श्याम अनुराग ने बताया की कार्यालय में अब प्रतिदिन पदाधिकारी एवं सदस्यगण एकत्रित होंगे एवं एक्सपो के तैयारी की चर्चा करेंगे और एक्सपो की बेहतरी के लिए योजना बनाए जाएंगे एवं टीम को उनके कार्यों से अवगत कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि हर साल एक्सपो 5 दिनों का होता है पर इस साल झारखंड का यह बहुचर्चित कंस्यूमर फेयर 7 दिनों का होगा।

एक्सपो के मीडिया प्रभारी जेसी प्रतीक जैन ने बताया कि इस वर्ष एक्सपो में ऑटोमोबाइल्स के सभी बड़े ब्रांड अपने स्टाल लगा रहे हैं एवं एक्सपो को बिल्कुल नए रूप में पेश करने की तैयारी की जा रही है।ऑटो जोन के अलावा फर्नीचर जोन, महिलाओं के लिए खास पिंक हेंगर, फूड जोन, स्टार्ट अप जोन, एम्यूजमेंट पार्क आदि भी रहेंगे। एक्सपो में रोज नये नये इवेंट्स भी होंगे।

इस कार्यक्रम के अवसर पर सचिव मयंक अग्रवाल, अभिषेक केडिया, मनीष रामसिसरिया, आनंद धानुका, नारायण मुरारका,अभिनव मंत्री, गौरव अग्रवाल अमित खोवाल, संजय जैन व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### मुरी में नहीं थम रही लूट व छिनतई की घटना

**सिल्ली :** मुरी में अपराधी पूरी तरह बेखौफ हो गए हैं आये दिन लूटपाट की घटनाएं घट रही है ऐसा ही एक और घटना गुरुवार की शाम में घटने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है गुरुवार शाम को छोटा मुरी निवासी सुनीता देवी अपने पड़ोसी महिला के साथ इवनिंग वर्किंग में निकली थी इसी दौरान मुरी स्टेशन रोड में राय क्लॉथ स्टोर के समीप पीछे से बाइक में आये उचक्कों ने महिला के गले से सोने का हार झपट लिया और आराम से चलते बना। वही मुरी पुलिस का कहना है घटना की जानकारी मिली है लेकिन लिखित शिकायत नही मिला है। ज्ञात हो कि बीते कुछ ही माह पूर्व यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा मुरी से बेटी के शादी के लिए 5 लाख रूपए निकाल कर जा रहे परिवार को दिनदहाड़े बैक के पास बड़ा मुरी चौक पर अपराधियों ने लूट लिया था, लेकिन आज तक पुलिस उन अपराधियों को पकड़ नही पायी है। क्षेत्र में छोटी छोटी चोरी लूट जैसी अपराधिक घटनाएं घटती ही रहती है लेकिन लोग थाना में रिपोर्ट लिखवाना नही चाहते क्योंकि लोगों को मालूम है शिकायत करने के बाद भी परिणाम क्या होगा। इधर स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस पर लोगों का भरोसा पहले से कम होने लगा है। सभी जानते है पुलिस रास्ते में अवैध बालू, कोयला, पत्थर आदि ढुलाई करने वालों वाहनों से किस तरह अवैध वसूली करती है। बड़ा मुरी बाजार में सुबह से लेकर देर रात तक खुल्लेआम जहरीले शराब बिक रहा है क्षेत्र में जुआ खेल जोरों पर चल रहा है पुलिस के संरक्षण के बैगर यह अवैध कार्य संभव नही है।

### प्रखंड कार्यालय में भाजपा मंडल पदाधिकारियों की बैठक



**मुरी:** आज सिल्ली प्रखंड कार्यालय के समक्ष पुराना भाजपा कार्यालय में भाजपा मंडल पदाधिकारी की परिचायात्मक बैठक संपन्न हुई। मंच पर मंडल अध्यक्ष अम्बुज रजक , कर्ण महतो ,मंडल विस्तारक धन्जय पांडे उपस्थित थे।उनके समक्ष पुराने पदाधिकारी में प्रो ललित महतो,सृष्टि धर महतो,करणों महतो,राजेन महतो, हरिहर महतो, दिनेश चौधरी, नीतीश कुमार, राजेन्द्र सायं, चन्दन गोस्वामी का परिचय कराया गया। धन्जय पांडे ने कहा कि विधानसभा चुनाव में मेरा सहयोग रहेगा ,मेरा सहयोग संगठन के लिए होगा। मेरा काम जमीन पर जाना है,बूथ पर जाना है। हमलोगों को मिलजुल काम करना है। मेहनत और लगन आपको उंचाई पर ले जाएगा। बैठक में मंडल विस्तारक के विषय पर चर्चा की। विस्तारक के समक्ष बालू कालाबजारी को लेकर बात सामने रखी है। कुछ कार्यकर्ता बालू की नजायज कमाई में लिप्त है इससे भाजपा की बदनामी बढ़ती है। इन सब बातों को गौर करने के बाद सबने कहा कि भाजपा भ्रष्टाचार को बढ़ावा नहीं देगी।

### तालाब में कूद कर दी जान

**मुरी:** सिल्ली साहेब बांध में एक युवक ने कूद कर जान दे दी। मामला बीती रात का है। युवक मुरी ओपी अन्तर्गत कोकोराना का रहने वाला था उसका नाम हरिहर प्रसाद कोइरी 45 बर्ष है। जानकार सूत्रों के मुताबिक युवक अपने परिवार के साथ इलाज करने आया था। कुछ देर के लिए हास्पिटल से बाहर निकल आया था कुछ राहगीरों ने तालाब से बचाओ बचाओ का आवाज सुना पर लोगों ने ज्यादा ध्यान नहीं दिया।जब युवक सुबह तक वापस नहीं पहुंचा तो इसकी सूचना पुलिस को दी गई जहां तालाब से युवक का शव को खोजा जाने लगा।अन्त में सुबह ग्यारह बजे के आसपास शव मृत अवस्था में पाया गया।

झारखंड कांस्टेबल भर्ती परीक्षा

# उत्पाद सिपाही की बहाली के दौरान हुई मौत के लिए बीडी राम ने सरकार को बताया जिम्मेदार



मेट्रो रेज

**पलामू :** जिले में उत्पाद सिपाही की बहाली दौरान तीन अभ्यर्थियों की मौत पर सांसद बीडी राम ने हेमंत सोरेन को कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने इस मौत के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने प्रभात खबर से बातचीत में कहा कि जिले में सिपाही भर्ती में शामिल लोगों की मौत हो रही है। इसके लिए वर्तमान सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने मांग की है कि मृतकों के परिजनों को मुआवजा दी जाए। सासंद विष्णु दयाल राम ने की सरकार से मांगः

## शारीरिक परीक्षण में बेहोश हुए 25 अभ्यर्थियों में से तीन की मौत, परीक्षा का समय बदला

**रांचीः** पलामू जिले में बृहस्पतिवार को आबकारी विभाग की कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में भाग ले रहे 25 अभ्यर्थी शारीरिक परीक्षण के दौरान बेहोश हो गए। उन्हें मेदिनीनगर स्थित मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां देर रात इलाज के दौरान दो की मौत हो गई। जबकि, एक अभ्यर्थी ने इलाज के दौरान राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) रांची में दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान अमरेश कुमार (20), अरुण कुमार (25) और प्रदीप कुमार (25) के रूप में हुई है।



इस बीच, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को मामले पर तत्काल संज्ञान लेने का निर्देश दिया है।

अस्पताल के अधीक्षक डॉ। आरके रंजन ने कहा, प्रारंभिक निष्कर्षों के अनुसार अभ्यर्थियों की मौत सांस फूलने से हुई है। कहा, 'हमें सहनशक्ति बढ़ाने के लिए शामक दवाओं के इस्तेमाल का भी संदेह है। हम मौतों के सही कारणों की जांच कर रहे हैं।' वहीं, उपमंडल पुलिस अधिकारी मणिभूषण प्रसाद ने बताया कि पलामू जिले में उत्पाद विभाग की कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में दौड़ सहित शारीरिक परीक्षण में भाग लेने वाले लगभग 100 उम्मीदवार अब तक बेहोश हो चुके हैं। कहा कि अभ्यर्थियों की बेहोश होने की बढ़ती संख्या को देखते हुए अधिकारियों ने सुबह 4 ।30 बजे से शारीरिक परीक्षण आयोजित करने का निर्णय लिया है। पहले यह समय सुबह 9 बजे था।

बिहार के छपरा जिले के रहने वाले विश्वात्मा कुमार ने बताया कि 400 मीटर दौड़ने के बाद वे बेहोश हो गए। अनुमंडल पुलिस अधिकारी (मेदिनीनगर) मणिभूषण प्रसाद ने बताया कि अभ्यर्थियों के बेहोश होने का कारण सांस फूलना हो सकता है। उन्होंने कहा, पुरुष अभ्यर्थियों को परीक्षा में 10,000 मीटर दौड़ना होता है, जबकि महिला अभ्यर्थियों को 5,000 मीटर दौड़ना होता है। भर्ती प्रक्रिया 9 सितंबर तक जारी रहेगी।

पलामू से बीजेपी सासंद विष्णु दयाल राम ने आगे कहा कि बहाली प्रक्रिया के दौरान लापरवाही बरती जा रही है। भीषण गर्मी के बीच ये बहाली हो रही है तो मौत होगी ही। सरकार या तो बहाली तत्काल के लिए बंद करें या फिर इसकी प्रक्रिया में बदलाव लाएं। सांसद ने उत्पाद सिपाही बहाली की प्रक्रिया और सरकार की मंशा को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े किये हैं। उन्होंने कहा कि सरकार गलत वक्त पर भारी कुव्यवस्था के साथ बहाली ले रही है। बीजेपी के इस नेता ने सवाव पूछा है कि आखिर नियुक्ति को लेकर इतनी हड़बड़ी क्यों है।

**मुआवजा देने की मांग :** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने सरकार से मांग की है कि वे मृतक के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये मुआवजा दें। सरकार को तत्काल बहाली की प्रक्रिया रोककर इसकी समीक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बहाली की प्रक्रिया सुबह या शाम में भी ली जा सकती है। चियांकि हवाई अड्डा बहाली के लिए सही जगह नहीं है। लापरवाही की वजह से युवाओं की जान जा रही है।

# डीसी ने जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्याएं



**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन कर आमजनों की समस्याओं को सुना। उपायुक्त ने आमजनों की समस्याओं के बाबत कहा कि इनकी परेशानियों को हल करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जनता दरबार में शहरी सहित विभिन्न प्रखंडों से 20 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन समर्पित कर समाधान की मांग की। इसमें मकान मुआवजा, रोजगार, गंभीर बीमारी में मदद, ऑनलाइन रसीद, लंबित म्यूटेशन, प्रमाणपत्र, आवास, सेवानिवृत्ति पावना, राशनकार्ड, बकाया मानदेय, अवैध कब्जा, अवैध कब्जा, धोखाधड़ी इत्यादि मामले शामिल थे। मौके पर हरहद थाना मुफस्सिल के मो। कौशन आलम जमीन के मामले लेकर आये। कौशन ने उनकी भूमि का जालसाजी से दस्तावेज बनाकर जबरन जमीन हथियाने एवं जान से मारने की धमकी दूसरे पक्षकार द्वारा दिये जाने के संबंध में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। इस पर उपायुक्त ने तत्काल अंचलाधिकारी सदर को जांचोपरांत उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस क्रम में इचाक बरवां की रिता देवी ने भारी बारिश में कच्चा मकान गिर जाने से बेघर होने के बाबत आवेदन देकर आपदा मुआवजा की मांग करते हुए राहत प्रदान करने का अनुरोध किया। इस पर उपायुक्त ने अंचलाधिकारी इचाक को जांचोपरांत उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

**डीसी ने समाधान के दिये निर्देशः** जनता दरबार में जोगीडीह ईचाक की पिंकी देवी ने रोजगार उपलब्ध कराने, टाटीझरिया के अंकित ने गंभीर बीमारी पर आर्थिक सहायता, इचाक के ईश्वर प्रजापति ने ऑनलाइन रसीद, महेश कुमार दारू ने लम्बे समय से म्यूटेशन लंबित होने, रिंकी देवी इचाक ने पति के मृत्यु प्रमाणपत्र, चुरचू की गीता देवी ने अबुआ आवास, विष्णुगढ़ के महादेश गोप ने सेवानिवृति के पश्चात लंबित पावना भुगतान, मंजु कुमारी डीपूगढ़ा ने मानदेय भुगतान, कुम्हार टोली के सुमा वर्मा ने धोखाधड़ी, किसान फुटकर विक्रेता हजारीबाग ने कटकमसांडी बाजार परिसर में गुमटी अतिक्रमण हटाने आदि से संबंधित आवेदन दिये। मौके पर आये सभी आवेदनों को उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को भेजते हुए जांचोपरांत उचित एवं त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।



### बस के धक्के से शिक्षिका और छात्रा घायल

**हजारीबाग :** डीपीएस स्कूल के पास अनियंत्रित बस ने एक स्कूल की बच्ची और संत स्टीफन स्कूल की शिक्षिका नेहा कुमारी को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे दोनों घायल हो गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के समय बस चालक मोबाइल फोन से बात कर रहा था। दोनों घायलों का इलाज शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में चल रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि ड्राइवर की लापरवाही और मोबाइल का उपयोग ऐसे हादसों के मुख्य कारण बनते हैं। इस प्रकार की घटनाओं से निपटने के लिए समुदाय एवं प्रशासन को मिलकर सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है। वहीं स्थानीय निवासियों ने आग्रह किया है कि स्कूलों के निकट सुरक्षा उपायों को बढ़ाया जाए और ड्राइवरों के लिए सख्त नियम लागू किए जाएं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

### बिजली तार की चोरी, ग्रामीण परेशान



**लोहरदगाः** भंडरा थाना क्षेत्र के सोरंदा बांध टोली में चोरों ने बिजली तार की चोरी कर ली। इससे गांव में अंधेरा छा गया। किसानों के सामने समस्या उत्पन्न हो गयी। बिजली जाने से ग्रामीणों को कृषि कार्य में कठिनाई हो रही है। जिसके कारण ग्रामीण परेशान हैं। समाजसेवी जगजीवन उरांव ने बताया कि आठ पोल से केबल की चोरी कर ली गयी है। जिससे किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली संकट होने से शाम में लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है।

# कैरो में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**लोहरदगाः** कैरो प्रखंड क्षेत्र के गजनी फुटबॉल मैदान में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव व बीडीओ छन्दा भटाचार्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में सांकेतिक रूप से तीन लाभुकों के बीच धोती/लुंगी व साड़ी, वितरण और झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसाईटी, नरौली के बीच 6-6 लाख रुपये का बैंक क्रेडिट लिंकेज प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल का निरीक्षण किया गया। इसमें डीटीओ ने प्राप्त आवेदन, आवेदन की ऑनलाईन इंट्री की स्थिति, आवेदनों का निष्पादन की स्थिति का अवलोकन किया।




**पदाधिकारियों ने अबुआ आवास योजना की दी जानकारी दीः** कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों ने आमजनों को अबुआ आवास योजना, गुरूजी स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, जाति/आय/आवासीय/दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, राजस्व के जुड़े मामले जैसे म्युटेशन, लगान रसीद तथा ऑनलाईन रिकॉर्ड में सुधार करने से संबंधित मामले, आयुष्मान कार्ड, 15वें वित्त, जनजातीय कल्याण, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना समेत अन्य योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही लोगों से सरकार की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम में सरकार की सभी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाये गये।

**योजना का लाभ लेने के लिए लोगों ने दिए आवेदनः** ग्रामीणों ने अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, आधार सेवा केंद्र, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, बिजली विभाग, नागरिक सहायता केंद्र, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, कल्याण विभाग, सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना व सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के स्टॉल में योजनाओं की जानकारी ली एवं अहतार्धारियों ने योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन दिया। कार्यक्रम योजना अंतर्गत म्युटेशन नामांतरण पत्र, धोती/लुंगी-साड़ी वितरण योजना अंतर्गत धोती, लुंगी व साड़ी, मृत्यु प्रमाण-पत्र समेत अन्य वितरण का कार्य किया गया। कार्यक्रम में डीटीओ संजय कुमार, प्रमुख श्रीराम उरांव, बीडीओ छन्दा भटाचार्य, पंसस सुनीता लकड़ा, सदस्य धनपत उरांव, प्रखंड एवं अंचल के पदाधिकारीगण एवं कर्मी के अलावे काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# झारखंड में अगली सरकार हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बनेगी: झामुमो

मेट्रो रेज

**रांची:** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने दावा किया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की चालबाजी के बावजूद राज्य में अगली सरकार हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बनेगी। झामुमो का यह बयान पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के रांची में एक समारोह में भाजपा में शामिल होने के कुछ घंटों बाद आया है।

झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, भाजपा चालबाजी के बावजूद, अपने मिशन में सफल नहीं होगी। झारखंड में अगली सरकार हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बनेगी।

झारखंड में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होना है। चंपाई सोरेन के भाजपा में शामिल होने पर भट्टाचार्य ने कहा कि परिवार का कोई सदस्य छोड़कर जाता है, तो दुख होता है।

उन्होंने कहा, चंपाई दा हमारे नेता रहे हैं, जिन्होंने अलग झारखंड राज्य के वास्ते आंदोलन में भूमिका निभाई। पार्टी (झामुमो) ने उन्हें पूरा सम्मान और आदर दिया और उनके नेतृत्व को भी स्वीकार किया। वह जहां भी गए हैं, मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन शुक्रवार को भाजपा में शामिल हो गए। दो दिन पहले उन्होंने पार्टी की मौजूदा कार्यशैली के प्रति असंतोष और कठोर अपमान का




## समाचार सार

### रांची विवि : जेनरिक स्पेशल परीक्षा में अब सभी विद्यार्थी होंगे शामिल




**रांची :** रांची विवि द्वारा बीए/बीएससी/बीकॉम (सत्र 2017-20) तथा (सत्र 2018-21) के सेमेस्टर एक, दो, तीन व चार के विद्यार्थियों के लिए ली जानेवाली जेनरिक इलेक्टिव पेपर की स्पेशल परीक्षा में अब सभी विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे। विवि द्वारा पिछली बार ली गयी परीक्षा में जो विद्यार्थी शामिल नहीं हो सके या फिर फेल हो गये हैं, वे सभी इस परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। विवि द्वारा छात्र हित में यह अंतिम मौका दिया जा रहा है। पूर्व की अधिसूचना में सिर्फ फेल विद्यार्थियों को शामिल होने की अनुमति थी, लेकिन विवि में इसमें संशोधन कर छूटे हुए विद्यार्थियों को भी मौका दिया है। कुलपति के आदेश पर परीक्षा विभाग के ओएसडी डॉ विकास कुमार द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक परीक्षा में शामिल होनेवाले विद्यार्थी को प्रति पेपर 100 रुपये लगेंगे। विवि ने रजिस्ट्रेशन अवधि में भी विस्तार दिया है।

### झारखंड में डॉक्टर सुरक्षित नहीं : अजय साह

**रांची :** झारखंड भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने राज्य के डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर झारखंड सरकार पर गंभीर आरोप लगाये हैं। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां पूरा देश डॉक्टरों की सुरक्षा की मांग कर रहा है, सुप्रीम कोर्ट भी इस पर स्वतः संज्ञान ले चुका है, वहीं दूसरी ओर झारखंड में डॉक्टर सुरक्षित नहीं है। डॉक्टरों को विशेष रूप से लक्षित किया जा रहा है। इसका ताजा उदाहरण डॉ। बृहस्पति मंडल हैं, जिन्हें गुरूवार की सुबह अपहरणकताओं ने 20 लाख रुपए की फिरौती के लिए अपहरण किया और उनकी हत्या कर दी। राज्य में कानून-प्रशासन का खौफ अपराधियों पर नहीं बल्कि कानून-प्रशासन पर है। साह ने आरोप लगाया कि राज्य की हेमंत सरकार मुख्यमंत्री मंईया योजना के बहाने स्वप्रचार में लगी हुई है। सारा शासन-प्रशासन तंत्र को स्वप्रचार के काम में लगा रखा है। स्पेशल ब्रांच के लोग जासूसी करने में लगे हैं, ऐसे में प्रशासन का अपराध पर कोई नियंत्रण ही नहीं रह गया है।

### एचईसी परिसर में कार्यक्रम कर रही भाजपा,लेकिन इसकी दुर्दशा पर कोई ध्यान नहीं : राजद



**रांची :** रांची जिला राजद अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो ने कहा है कि भाजपा का मिलन समारोह शुक्रवार को एच ई सी परिसर में हुआ। समारोह में लंबी-लंबी घोषणाएं हुईं, पर जिस एचईसी स्थल पर कार्यक्रम हुआ वहां की दुर्दशा पर एक भी बात नहीं करना एच ई सी के कर्मचारियों व वहां के स्थानीय निवासियों का घोर अपमान है। एच ई सी में 3000 मजदूर काम करते हैं। एशिया का सबसे बड़ा प्रतिष्ठान आज बंद होने के कगार पर है। कर्मचारियों को दो वर्षों से वेतन नहीं मिला है। कर्मचारी अपने परिजनों के साथ भुखमरी के कगार पर हैं । लेकिन भाजपा इसकी जरा भी परवाह नहीं कर परिसर में ही हो रहे मिलन समारोह में लंबी-लंबी घोषणाएं तो कर रही हैं लेकिन एचईसी के कर्मचारियों से संबंधित कोई भी घोषणा नहीं कर रही है। भाजपा के लोग रोजगार की बात तो कर रहे हैं लेकिन एच ईसी के कर्मचारियों को केंद्र से वेतन नहीं दिला पा रही है। भाजपा केंद्र सरकार से शीघ्र एक विशेष आर्थिक पैकेज की मांग केंद्र सरकार से करे जो राज्य व मजदूर हित में होगा। केवल लंबी-लंबी घोषणाएं करने से भाजपा को यहां की जनता का आक्रोश ही झेलना पड़ेगा।

### आरकेडीएफ विवि रांची मे दो दिवसीय राष्ट्रीय खेल का आयोजन



**रांची:** आरकेडीएफ विवि रांची मे दो दिवसीय राष्ट्रीय खेल का आयोजन 29 और 30 अगस्त को विश्वविद्यालय परिसर में हुआ।

इसके तहत विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया।

विद्यार्थियों को चार टीमों में विभाजित किया गया। पहली टीम खुदीराम बोस जिसमें वॉलीबॉल के प्रथम विजेता टीम के अंतर्गत निम्नलिखित छात्रों ने हिस्सा लिया तुषार शर्मा ,आशुतोष कुमार, आकाश कुमार सिंह, अर्श,विशाल कुमार, श्रेयस राणा।

अल्बर्ट एका टीम (उपविजेता) मोहम्मद रबीक शेख, मुर्शीद अंसारी ,यसर खान, दानिश अंसारी, अनंत रजा, रविनेश मुर्मू, रेहान आलम।

लेमन रेस में प्रथम स्थान श्रीचा कुमारी द्वितीय स्थान रेचल मैथ्यूज, तृतीय स्थान अंजली कुमारी को प्राप्त हुआ।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस टीम के अंतर्गत फुटबॉल खेल में विजयी प्रतिभागी सनी कुमार आदित्य राज रवनीश मुर्मू देव कृष। उपविजेता प्रतिभागी नीरज चोपड़ा टीम अंतर्गत विशाल कुमार राहुल असार खान नीरज विश्वकर्मा, आशुतोष

कैरम प्रतियोगिता के प्रतिभागी प्रथम रोनित राज द्वितीय इकबाल सिंह/सनी कुमार छात्राओं में प्रथम आर्ची कुमारी द्वितीय स्थान स्नेहा गुप्ता को प्राप्त हुआ ।बाल गंगाधर तिलक टीम के अंतर्गत रस्साकसी खेल का आयोजन किया गया जिसमें विजेता विशाल की टीम रही और उपविजेता सुनील की टीम रही। विजयी प्रतिभागियों को मेडल और ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्राध्यापक -प्राध्यापिकाएं शामिल हुए।

## आर्थिक तंगी से गुजर रही एचईसी को बड़ा झटका, अदालत ने बैंक खाता किया फ्रीज

मेट्रो रेज




**रांची :** गंभीर आर्थिक से गुजर रहे एचइसी को बड़ा झटका लगा है। रांची सिविल कोर्ट के सब जज चंद्रभानु कुमार की अदालत के आदेश पर धुर्वा स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में एचइसी का खाता फ्रीज कर दिया गया। इससे कंपनी की परेशानी और बढ़ गयी है। एचइसी इस खाते से अब लेन-देन नहीं कर पायेगा।

एचइसी ने नहीं किया इस कंपनी को भुगतानः इस संबंध में व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ता विवेक कुमार सिंह ने बताया कि यूपी के मुजफ्फरनगर की कंपनी दयाचंद इंजीनियरिंग इंडस्ट्री प्रालि ने एचइसी को कच्चे माल की सप्लाई की थी। इसके भुगतान को लेकर कंपनी ने कई बार एचइसी को पत्र लिखा, लेकिन कोई जवाब नहीं दिया गया। इसके बाद कंपनी ने अदालत में याचिका दायर की। अदालत से नोटिस मिलने के बाद भी एचइसी की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया। इसके बाद अदालत ने एचइसी का बैंक खाता फ्रीज करने का आदेश जारी किया। अधिवक्ता श्री सिंह ने बताया कि एचइसी पर कंपनी के 25 लाख से अधिक रुपये बकाया हैं।

आर्थिक संकट की वजह से ठप है उत्पादनः आर्थिक संकट के कारण एचइसी के प्लांटों में उत्पादन ठप है। अधिकारियों का 27 माह और कर्मियों का 25 माह का वेतन बकाया है। सप्लाई कर्मियों के आंदोलन के कारण 10 दिनों से मुख्यालय और तीनों प्लांटों के एडमिन बिल्डिंग में किसी को प्रवेश करने नहीं दिया जा रहा है।वर्ष 2018 में एचइसी को कच्चे माल की सप्लाई की गयी थी, जिसका भुगतान नहीं किया गया था। रांची सिविल कोर्ट के सब जज चंद्रभानु कुमार की अदालत ने बकाया भुगतान नहीं करने पर एचइसी का एसबीआइ में खाता को फ्रीज करने का आदेश दिया है।

## चंपाई सोरेन से मिलने उनके आवास पर पहुंचे हिमंत बिस्वा सरमा



मेट्रो रेज

**रांची:** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मुलाकात करने के लिए असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा मोरहाबादी मैदान स्थित आवास पर पहुंचे। इस मुलाकात के दौरान नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी भी उनके साथ थे। यह मुलाकात चंपाई सोरेन के बीजेपी में शामिल होने के बाद पहली बार हुई है। चंपाई सोरेन की बीजेपी में शामिल होने के कारणों का खुलासाः चंपाई सोरेन ने शुक्रवार को अपने संबोधन में झारखंड मुक्ति मोर्चा और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अप्रत्यक्ष रूप से चुनौती दी। उन्होंने कहा कि उन्होंने अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी है और झारखंड में आदिवासियों पर अत्याचार किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सोरेन ने बीजेपी में शामिल होने के अपने फैसले को आदिवासी परंपरा को बचाने के प्रयास के रूप में बताया। सोरेन ने दिल्ली में हुई जासूसी का भी जिक्र करते हुए कहा कि उनके खिलाफ जासूसी कराई गई, जो उन्हें निराश करता है। उन्होंने कहा कि वह दिल के साफ व्यक्ति हैं और यह उम्मीद नहीं करते थे कि झारखंड के लिए आंदोलन करने वाले के साथ ऐसा व्यवहार किया जाएगा।

सोरेन ने बीजेपी में शामिल होने के पीछे के कारणों को बताते हुए कहा कि देश में केवल दो प्रमुख पार्टियां हैं–भाजपा और कांग्रेस। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलन के दौरान सबसे अधिक गोलीबारी कांग्रेस ने की थी। वर्तमान में झारखंड की स्थिति आदिवासियों की अस्मिता का सवाल है, और इसलिए उन्होंने बीजेपी में शामिल होकर आदिवासियों की परंपरा और उनके अधिकारों की रक्षा करने का निर्णय लिया है। सोरेन ने दावा किया कि कांग्रेस कभी भी आदिवासियों के हित में नहीं रही, और यही कारण है कि उन्होंने बीजेपी का समर्थन किया है।

## ब्राइट एंजेल्स प्ले स्कूल के बच्चों ने किया नर्सरी का भ्रमण




**रांची:** ब्राइट एंजेल्स प्ले स्कूल लोअर चुटिया के बच्चों ने आज, एक स्थानीय पौधशाला का भ्रमण कर एक समृद्ध अनुभव प्राप्त किया। इस बाहरी गतिविधि का उद्देश्य बच्चों में प्रकृति के प्रति जुड़ाव को बढ़ावा देना था। जिसमें उन्होंने विभिन्न पौधों की प्रजातियों के बारे में जानकारी प्राप्त की और पर्यावरण में उनकी भूमिका को समझा।

नर्सरी स्टाफ के मार्गदर्शन में, बच्चों ने विभिन्न पौधों की प्रजातियों के बारे में सीखा और एक व्यावहारिक पौधारोपण गतिविधि में हिस्सा लिया। यह दौरा छात्रों के लिए एक आनंददायक अनुभव था।

ब्राइट एंजेल्स प्ले स्कूल की डायरेक्टर मीना प्रकाश ने कहा कि नर्सरी का दौरा हमारे छात्रों के लिए कक्षा से बाहर जाकर प्रकृति के साथ जुड़ने का एक शानदार तरीका था।

## लालपुर सब्जी मार्केट का होगा विस्तार नगर निगम कर रहा विचार



मेट्रो रेज

**रांची:** लालपुर सब्जी मार्केट के विस्तार की योजना है। इस प्रस्ताव पर रांची नगर निगम विचार कर रहा है। डिस्टिलरी पुल और मार्केट के बीच जो जगह है, उसके ऊपर स्लैब की ढलाई कर मार्केट को विस्तार देने की योजना है। ताकि, कुछ और दुकानदारों को वहां शिफ्ट किया जा सके। हालांकि, अभी तक इस मामले में कोई निर्णय नहीं लिया जा सका है। इसको लेकर तकनीकी पहलुओं को देखा जा रहा है।उसके बाद इस मामले में आगे का निर्णय लिया जायेगा। हाल ही में सब्जी विक्रेताओं को शिफ्ट किया गयाः ज्ञात हो कि लालपुर-कोकर मार्ग पर डिस्टिलरी पुल के पास बने मार्केट में हाल ही में सब्जी विक्रेताओं को शिफ्ट किया गया है। इसके बाद लालपुर-कोकर मार्ग जाम मुक्त हुआ है। वहीं, कई दुकानदार मार्केट के आसपास अपनी दुकान लगा रहे हैं। ऐसे दुकानदारों को जगह उपलब्ध कराने की योजना है। इसके अलावा निगम राजधानी में तीन और नये सब्जी मार्केट बनाने की योजना पर भी विचार कर रहा है। इसके तहत स्टेशन रोड में योगदा संत्सग आश्रम के निकट, बिरसा चौक व डंगराटोली में मार्केट के निर्माण पर विचार किया जा रहा है। तीनों स्थानों पर निगम की भूमि उपलब्ध है। स्थल चयन के बाद इस मामले में आगे निर्णय लिया जायेगा।

उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
(जिला नजारत शाखा)

अति अल्पकालीन निविदा
इच्छुक फर्मों/एजेन्सियों से निविदा का आमंत्रण

प्रबंधकीय समिति, जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, हजारीबाग में लिए गए निर्णय के आलोक में हजारीबाग स्वास्थ्य विभाग अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बरकट्ठा, बरही, ईचाक एवं विष्णुगढ़ में दन्तकीय उपकरण/ उपस्कर की आपूर्ति की जानी है।

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, हजारीबाग के निदेश के आलोक में उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में दन्तकीय उपकरण/ उपस्कर की आपूर्ति हेतु दिनांक–31.08.2024 से 09.09.2024 के अपराह्न 04:00 बजे तक सभी इच्छुक फर्मों/एजेन्सियों से अल्पकालीन निविदा दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी सभी नियम एवं शर्तें विशिष्टता एवं सामग्रियों की सूची हजारीबाग जिला के अधिकारिक वेबसाईट www.hazaribag.nic.in पर अपलोड किया गया है, जिससे डाउनलोड कर देखा जा सकता है।

उपायुक्त के निदेश के आलोक में,
नजारत उपसमाहर्ता,
हजारीबाग

PR 334228 (District)24-25*D

उद्योग विभाग
कार्यालय, महाप्रबंधक
जिला उद्योग केन्द्र, कैम्प कार्यालय, रामगढ़

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME) के तहत् सूक्ष्म खाद्य आधारित उद्यमों की स्थापना/उद्यमों के उन्नयन के लिए एक विशेष अभियान दिनांक 31 अगस्त से 30 सितम्बर, 2024 तक प्रत्येक पंचायत एवं प्रखण्डों में चलाया जा रहा है। उद्यम स्थापित करने हेतु इच्छुक युवक/युवतियों/उद्यमियों का ऑनलाईन आवेदन पंजीकृत किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME) के अन्तर्गत व्यक्तिगत (जिनकी न्यूनतम आयु 18 वर्ष है), स्वंय सहायता समूह/सहकारिता समूह/किसान उत्पादक संगठन को प्रस्तावित उद्योग स्थापित करने हेतु वित्तीय अनुदान का प्रावधान निर्दिष्ट हैं :–

| प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME) योजना के अन्तर्गत आवेदकों की श्रेणी | अधिकतम परियोजना लागत | आवेदक द्वारा अंशदान (सावधिक ऋण पर) | वित्तीय अनुदान की दर (परियोजना लागत पर) |
|---|---|---|---|
| व्यक्तिगत (न्यूनतम आयु 18 वर्ष) | 1.00 करोड़ | न्यूनतम 10% | 35%(अधिकतम अनुदान की सीमा 10.00 लाख) |
| स्वंय सहायता समूह/सहकारिता समूह/किसान उत्पादक संगठन | 10 करोड़ | न्यूनतम 10% | 35% (अधिकतम अनुदान की सीमा 3.00 करोड़) |

➢ जिन आवेदकों ने किसी अन्य अनुदान (Subsidy) से जुड़ी योजना का लाभ लिया है, वे प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME) के लिए योग्य है। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME) से सम्बंधित सभी आवेदन पत्र https://pmfme.mofpi.gov.in/pmfme/#/Home-Page के द्वारा ऑनलाईन किये जाने का प्रावधान है। इस योजना के अन्तर्गत ऑनलाईन आवेदन में सहयोग करने हेतु जिला के प्रत्येक प्रखण्ड मुख्यालय में प्रखण्ड उद्यमी समन्वयक प्रतिनियुक्त है।

➢ रामगढ़ जिला में जिला उद्यमी समन्वयक श्री अंजन बाड़ा, मोबाईल नम्बर 9065520256 प्रतिनियुक्त है, विशेष जानकारी हेतु सम्पर्क किया जा सकता है।

आदेशानुसार
ह0/–
महाप्रबंधक,
जिला उद्योग केन्द्र, हजारीबाग

PR 334223 District (24-25)_D

## सुविचार

**कौन कहता है कि ईश्वर नजर नहीं आता, सिर्फ वही तो नजर आता है, जब कोई नजर नहीं आता**

## दीदी की अग्नि-परीक्षा

**यह** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अग्नि-परीक्षा का दौर है। बंगाली सम्मान से उन्हें दीदी कहते रहे हैं, लिहाजा जवाब भी उन्हीं से मांग रहे हैं। दीदी के खिलाफ आंदोलन-दर-आंदोलन जारी हैं। यह स्थिति तब है, जब दो माह पहले लोकसभा चुनाव में उनकी तृणमूल पार्टी को 46 फीसदी वोट मिले और 42 में से 29 सीटें जीतीं। इस जनादेश की आड़ में आप नहीं छिप सकतीं, क्योंकि राज्य की युवा और छात्र शक्ति गुस्से और आक्रोश में है। प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा का विरोध-प्रदर्शन और 12 घंटे का बंद भी आयोजित किया गया है और 3 सितंबर को वाममोर्चा का काडर सडकों पर उतरेगा। सभी की साझा मांग है कि ममता बनर्जी मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दें। कोई राजनीतिक गठबंधन नहीं हुआ है। दीदी के संभ्रांत शहर कोलकाता के एक सरकारी अस्पताल में ड्यूटी कर रही ट्रेनी डॉक्टर के साथ जो बर्बरता की गई और बाद में हत्या कर दी गई, उससे समूचा देश शर्मसार है। साझा आंदोलन का मुद्दा यही है। यह ममता बनर्जी की राजनीति का सबसे कठिन समय है, क्योंकि छात्रों, युवाओं और महिलाओं के समवेत आंदोलनों ने ही ममता को सडक से मुख्यमंत्री के पद तक पहुंचाया था। आज ममता ऐसे ही आंदोलनों के युवाओं और छात्रों को गुंडा करार दे रही हैं। बंगाल पुलिस ने आंदोलनकारियों पर लाठियां भांजी, पानी की तेज धार मारी, आंसू गैस के गोले दागे और बाद में हिरासत में भी बंद कर दिया। सचिवालय तक के रास्ते में 27 बैरिकेड्स स्थापित किए, 26 डीसीपी सरीखे वरिष्ठ अधिकारी तैनात किए, 6000 से ज्यादा पुलिसकर्मी और सुरक्षा बल के जवान तैनात किए। लोहे की दीवारें खड़ी की गईं, जिन पर तेल और ग्रीस मला गया। क्या कोई रणक्षेत्र सजा था? दीदी ने किससे युद्ध करने को अपने जवान तैनात कराए थे? आंदोलनकारी नबन्ना सचिवालय तक मार्च करना चाहते थे और डॉक्टर बिटिया के साथ रेप-मर्डर की नृशंसता का न्याय मांग रहे थे। आंदोलन और शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन तो हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। आंदोलनकारियों ने कुछ पथराव किया, तो उनके मानसिक रोष को समझना चाहिए था। आंदोलन की ताकत इसी से समझी जा सकती है कि 80,000 से अधिक युवा और छात्र सडक पर आंदोलित हुए।

यह ममता बनर्जी की सत्ता के खिलाफ सामूहिक लहर का एक प्रमाण है। यह 2026 के जनादेश को भी तय कर सकता है। ममता-विरोधी आंदोलनों ने कोलकाता के बाहर और पश्चिम बंगाल के पार खासकर बंगालियों को जगा दिया है। ये उनके लिए चेतावनी की घंटी है। औसतन बंगाल महिला-सुरक्षा और सम्मान का पक्षधर रहा है। बंगाल देवी दुर्गा और मां काली की आराधना-स्थली है। अगले माह दुर्गा पूजा और फिर दीपावली के त्योहार हैं। आह्वान किए जा रहे हैं कि ये त्योहार न मनाए जाएं। आखिर एक बेटी को कुचल कर मारा गया है। इंसाफ अभी निश्चित नहीं है, क्योंकि सीबीआई की जांच जारी है। साक्ष्य मिटा दिए गए थे, जब हजारों की भीड़ एक रात में अचानक अस्पताल तक आई और सब कुछ तबाह कर दिया। बंगाल पुलिस उस भीड़ को तो रोक नहीं पाई। बल्कि उसकी खुफिया सूचना तक हासिल नहीं कर पाई। दीदी को इन सभी अपराधों के जवाब देने होंगे। कोलकाता के आंदोलनकारी दीदी ममता की प्रतिक्रिया जानना चाहते थे। रेप-मर्डर बर्बर मामले के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने ही अस्पताल के प्रशासन और पुलिस के निकम्मेपन का बचाव किया है, लिहाजा ममता की भूमिका को भी अक्षम्य माना गया। सर्वोच्च अदालत की न्यायिक पीठ ने ऐसी ही तल्ख टिप्पणियां की थीं। ममता इन आंदोलनों को राम-वाम और कांग्रेस पर थोप कर अग्नि-परीक्षा पार नहीं कर सकतीं। राज्य के गवर्नर लगातार मुख्यमंत्री और उनकी सरकार के खिलाफ टिप्पणियां कर रहे हैं। अभी वह दिल्ली में राष्ट्रपति और गृह मंत्री से मुलाकात करके लौटे हैं, लिहाजा बंगाल में अनुच्छेद 356 के तहत राष्ट्रपति शासन लगाने की चर्चाएं भी जारी हैं। सरकार बिल्कुल नाकाम है, संवैधानिक मशीनरी ढह चुकी है, कानून-व्यवस्था अराजक स्थिति में है, अपराध बढ़ रहे हैं, राजनीतिक हत्याएं भी की जा रही हैं, लिहाजा 356 का यह फिट केस है, लेकिन ममता सड़किया राजनेता हैं। वह फिर सडक पर बिछ सकती हैं। सहानुभूति ग्रहण कर सकती हैं, लिहाजा 356 चस्पां करना है, तो गंभीर विमर्श के बाद किया जाना चाहिए। विपक्ष सवाल उठा रहा है कि आंदोलित युवाओं पर पुलिसिया बल प्रयोग क्यों किया जा रहा है। क्या रेप व हत्या की शिकार हुई प्रशिक्षु चिकित्सक को न्याय नहीं मिलना चाहिए। लगता है जब तक उसे न्याय नहीं मिलेगा, आंदोलन जारी रहेगा।

## घाटी में अग्नि परीक्षा

**जम्मू-कश्मीर** में पहले चरण के विधानसभा चुनाव में 18 सितम्बर को सात जिलों की 24 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। राजनीतिक दलों ने सूबे की नई चुनावी जमीन पर अपनी- अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए राजनीतिक गोटियां फिट करनी शुरू कर दी हैं। कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) ने राजनीतिक परिपक्वता का परिचय दिया जिसके कारण दोनों के बीच सुगमता से गठबंधन और सीटों का बंटवारा हो सका। एनसी 51, कांग्रेस 32, पैंथर्स पार्टी और सीपीएम एक- एक सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। घाटी की सोपोर और जम्मू संभाग के ड़ोड़ा, बनीहाल, भद्रवाह और नगरोटा सीटों पर दोनों के बीच सहमति कायम न हो पाने से उनके बीच दोस्ताना मुकाबला होगा। पिछले करीब एक दशक से इस सूबे में कांग्रेस का राजनीतिक प्रभाव कम होता जा रहा है। इसके बावजूद एनसी ने कांग्रेस को 32 सीटों पर चुनाव लड़ने का अवसर दिया है तो इसके राजनीतिक मायने बहुत स्पष्ट हैं। वास्तव में 2014 के बाद से सूबे का राजनीतिक परिदृश्य पूरी तरह बदल गया है। एनसी भी सूबे की राजनीति में प्रायः अप्रासंगिक होती जा रही है। अपने को प्रासंगिक बनाए रखने के लिएउसे कांग्रेस के साथगठबंधन करना अपरिहार्य था। दूसरी ओर कांग्रेस को भले ही अपनी राजनीतिक हैसियत के मुकाबले गठबंधन में अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने का मौका मिल गया है, लेकिन अनुच्छेद 370 के निरस्त किए जाने के मुद्दे पर उसका रुख एनसी से अलग है। एनसी ने घोषणा कर दी है कि गठबंधन सत्ता में आता है तो अनुच्छेद 370 के निरस्त किए जाने के विरुद्ध विधानसभा में प्रस्ताव लाया जाएगा। गठबंधन की सरकार बनती है तो इस मसले पर कांग्रेस के लिए मुश्किल खड़ी हो सकती है। इसीलिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल को कहना पड़ा कि हमारी सरकार बनती है तो न्यूनतम साझा कार्यक्रम के तहत सरकार चलाएंगे। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) भी अब अलग- थलग पड़. गई है। भाजपा के भीतर भी सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। टिकट बंटवारे को लेकर पार्टी में भारी असंतोष है। आतंकवाद पीड़ित इस सूबे की राजनीति अनिश्चितताओं से भरी हुई है, लेकिन इतना सुनिश्चित है कि किसी एक दल को बहुमत नहीं मिलने जा रहा। हां, इतना जरूर है कि इस चुनाव में सभी राजनीतिक दलों की अग्नि परीक्षा होने जा रही है।

# लक्षद्वीप के द्वीप : अद्भुत पारिस्थितिकीय रहस्य

> ग्लोबल वार्मिंग के कारण दुनिया भर में समुद्र का स्तर बढ़ रहा है, और रीफ को पनपने के लिए एक विशेष गहराई पर रहने की आवश्यकता है, जो केवल तभी हो सकता है जब रीफ समुद्र के स्तर के साथ-साथ बढ़ता है। लेकिन जलवायु परिवर्तन, विकास के दबाव, और अन्य कारणों से प्रवाल मर रहे हैं। यदि ऐसा होता है, तो यह द्वीप के लिए कई तरह से आपदा लाएगा। मछलियों की आबादी और पूरे पारिस्थितिकी तंत्र का नष्ट होना तो निश्चित है, लेकिन इसके साथ ही यह द्वीप मे बाढ़ का खतरा भी पैदा करता है (क्योंकि द्वीप की रक्षा करने वाली पानी के नीचे की दीवार अब ऐसा करने में सक्षम नहीं होगी) और तो और इसके बाद, जब द्वीप जलमग्न हो जाए, तो इसके नीचे के पतले मीठे पानी की लेंस भी दूषित हो जाने की सम्भावना है। इसका अर्थ होगा मीठे पानी की अनुपलब्धता। अंतत: द्वीप रहने योग्य नहीं रह जाएंगे।

**सिद्धी जयशंकर**

लक्षद्वीप के द्वीप इस साल काफी चर्चा में रहे हैं। उनके सफेद रेतीले तट और नीले लैगून ने इन्हें बहुत से लोगों की यात्रा की सूची में शामिल कर दिया है। लेकिन, हम अक्सर इस बात को नजरअंदाज कर देते हैं कि ये द्वीप वास्तव में कितने अद्भुत हैं।

लक्षद्वीप के द्वीप, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के विपरीत, एटोल्स (प्रवाल द्वीप) की श्रृंखला में आते हैं। इसका मतलब है कि इनका आधार लगभग पूरी तरह से कैल्शियम कार्बोनेट से बना है, जो प्रवाल (यानी कि कोरल्स) और अन्य समुद्री जीवों द्वारा उत्पन्न होता है। यही रीफ इन द्वीपों का अस्तित्व सुनिश्चित करता है और उन्हें लहरों और तूफानों से सुरक्षा प्रदान करता है। प्रवाल रीफ समुद्र के वर्षावनों की तरह होते हैं, जो कई प्रकार के जानवरों, पौधों और अन्य जीवों को घर प्रदान करते हैं। इसीलिए, ये जीव स्थानीय मत्स्यपालन और द्वीपवासियों के जीवन के लिए महत्वपूर्ण हैं।

रोजाना इन जीवों के बीच कई प्रक्रियाएं और इंटरैक्शन होते हैं। जैसे कि सबसे छोटे प्लांकटन से लेकर बड़े जीवों तक, सबका भोजन श्रृंखला में योगदान होता है, जो स्थानीय मत्स्यपालन को सहारा देता है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात तो है कि ये जीव द्वीपों के अस्तित्व के लिए आवश्यक हैं।

प्रवाल समुद्र में रहने वाले जीव होते हैं, जो अपने नरम शरीर के चारों ओर कैल्शियम काबोर्नेट की संरचनाएं बनाते हैं। ये संरचनाएँ समय के साथ और अधिक प्रवालों और अन्य जीवों द्वारा बनाई जाती हैं, और इस प्रकार प्रवाल रीफ का निर्माण होता है। साथ ही, कुछ जीव रीफ का अपरदन भी करते हैं। पैरेटफिश–जिनके बड़े, खरगोश की तरह सामने के दांत होते हैं–प्रवाल के टुकड़े काटकर उसमें बसने वाले शैवाल (या ऐल्गे) को खाते हैं। इनमें से कुछ पैरेटफिश प्रवालों पर उग रहे शैवाल को खुरचते हैं और इस प्रक्रिया में नीचे मौजूद मृत प्रवाल को भी खुरच लेते हैं। समुद्री अर्चिन, जो समुद्र में कांटेदार गोल जीव होते हैं, भी यही काम करते हैं। लक्षद्वीप में एक विशेष प्रकार का समुद्री अर्चिन भी अत्यधिक प्रचुर मात्रा में पाया जाता है और यह रीफ में खुदाई कर उसमे खोखले छेद बना देता है। ये सभी जीव प्रवाल को छोटे-छोटे कणों में तोड़ देते हैं, जो बाद में धाराओं द्वारा अन्य द्वीपों पर पहुँच जाते हैं और वहाँ बालू का निर्माण करते हैं। इसके अलावा, हवा और लहरों जैसी अजैविक ताकतें भी मृत प्रवाल को घिसकर बालू का निर्माण करती हैं।

एक्रोपोरा - एक तेजी से बढ़ने वाला लेकिन नाजुक प्रवाल, जिसमें मछलियां छुपी हुई हैं। सिद्धी जयशंकर इन अपरदन और वृद्धि प्रक्रियाओं के बीच संतुलन बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। रीफ में वृद्धि प्रक्रिया, अपरदन के मुकाबले मे, तेजी से होनी चाहिए। है। ऐसा इसलिए है क्योंकि ग्लोबल वार्मिंग के कारण दुनिया भर में समुद्र का स्तर बढ़ रहा है, और रीफ को पनपने के लिए एक विशेष गहराई पर रहने की आवश्यकता है, जो केवल तभी हो सकता है जब रीफ समुद्र के स्तर के साथ-साथ बढ़ता है। लेकिन जलवायु परिवर्तन, विकास के दबाव, और अन्य कारणों से प्रवाल मर रहे हैं।

यदि ऐसा होता है, तो यह द्वीप के लिए कई तरह से आपदा लाएगा। मछलियों की आबादी और पूरे पारिस्थितिकी तंत्र का नष्ट होना तो निश्चित है, लेकिन इसके साथ ही यह द्वीप मे बाढ़ का खतरा भी पैदा करता है (क्योंकि द्वीप की रक्षा करने वाली पानी के नीचे की दीवार अब ऐसा करने में सक्षम नहीं होगी) और तो और इसके बाद, जब द्वीप जलमग्न हो जाए, तो इसके नीचे के पतले मीठे पानी की लेंस भी दूषित हो जाने की सम्भावना है। इसका अर्थ होगा मीठे पानी की अनुपलब्धता। अंततः द्वीप रहने योग्य नहीं रह जाएन्गे। इसीलिए, द्वीपों में अपरदन और विकास दर को मापने के लिये वैज्ञानिक अध्ययन जारी हैं। चूंकि प्रवाल इन द्वीपों के वास्तविक रत्न हैं, इसलिए इनकी सुरक्षा के लिए एकजुट होना बेहद महत्वपूर्ण है। पर्यटकों और इस जगह से मोहित होने वाले अन्य लोगों को इन अद्भुत पारिस्थितिक तंत्र के बारे में अधिक जानने और समझने की कोशिश करनी चाहिए, साथ ही जब वे इन स्थानों पर जाएँ तो जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ पेश आना चाहिए। आखिरकार, इन रीफ्स मे पृथ्वी पर ज्ञात समुद्री प्रजातियों के 25% से अधिक प्राणी पाए जाते हैं, जबकि यह ग्रह के सबसे निराले पारिस्थितिक तंत्रों में से एक हैं।

# पहले की तरह आत्मविश्वास और शक्ति का संतुलन?

> प्रधानमंत्री मोदी की प्राथमिकताओं में सामाजिक न्याय सर्वोपरि है। वैसे केवल ऐसे दो मामले ही नहीं हैं। इसी महीने केंद्र सरकार ने वक्फ बोर्ड की कार्यप्रणाली मे सुधार हेतु एक संशोधन विधेयक लाया था, जिसे विपक्ष के विरोधी तेवर को देखते हुए अकारण संयुक्त संसदीय समिति के हवाले कर दिया गया, जिसके प्रतिनिधि सत्ता एवं विपक्ष दोनों के सदस्यगण होते हैं। ऐसे में अब इस बात की पूरी आशंका है कि यह प्रारूप अधर में लटकेगा। अगर यह सदन पटल पर आया तो भी अपने मूल सुधारात्मक स्वरूप में कतई नहीं होगा।

**अमिय भूषण**

**मोदी सरकार का तीसरा कार्यकाल**

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का एक बयान इन दिनों सुर्खियों में है। इस बयान में उन्होंने कहा है की हमने प्रधानमंत्री मोदी के आत्मविश्वास को तोड़ दिया है। राहुल गांधी के इस बयान के निहितार्थ को समझाने के लिए मोदी सरकार के हालिया निर्णय ही पर्याप्त है। अभी हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आरक्षण के मौजूदा स्वरूप पर एक निर्णय आया है। इसमें आरक्षण लाभार्थियों में से सुसम्पन्न परिवारों को बाहर किए जाने की सिफारिश की गई है। दरअसल, कुछेक परिवार ही पीढ़ियों से इसका लाभ लेते आए हैं। इधर एक बड़ा तबका अब भी विकास से कोसों दूर है। ऐसे में इन अभावग्रस्त परिवारों के उन्नयन हेतु ये आवश्यक है कि इस वर्ग से आने वाले सुसम्पन्न परिवार सुविधाओं का परित्याग करे। इनके द्वारा छोड़ी गई सुविधाओं के लाभार्थी केवल इनकी ही जाति एवं सामाजिक वर्ग के हित में होना है। ऐसा नहीं है कि माननीय न्यायालय ने बिना प्रमाणों एवं विचार के ही अपना मंतव्य रखा है। इसके अपने कारण है दरसल हर शासकीय जनगणना एवं विभिन्न सर्वेक्षणों के उपरांत इस विषमता के साक्ष्य प्रमाण मिलते रहे है। इस नाते कई दलित बुद्धिजीवी एवं नेताओं ने भी आगे आकर बदलाव की बात की है। इधर, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने इस बदलाव का स्वागत किया है। वहीं राजस्थान के पूर्व मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने इस बदलाव को जरूरी बताया है। जबकि पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजय पासवान उन गिने-चुने दलित बुद्धिजीवी एवं राजनेता के तौर पर है जो इस बदलाव के हमेशा से हिमायती रहे है। यही नही उन्होंने अपने बच्चों को भी आरक्षण का लाभार्थी बनने नही दिया है। इस बीच इससे मिलते जुलते एक और मामले पर भी मोदी सरकार अपने निर्णय से पलटी मार चुकी है।

अभी हाल ही में भारत सरकार के कुछेक प्रशासकीय पदों पर सीधे नियुक्ति का मामला था, जिनके अंतर्गत विभाग विशेष मे कार्य विशेषज्ञताओं से परिपूर्ण अनुभवी एवं बेहद पेशेवर व्यक्तियों की नियुक्ति होनी थी।सरकार के चौबीस मंत्रालयों मे ऐसे करीब पैंतालीस अधिकारियों की नियुक्ति अगले पांच वर्ष के लिए होनी है। ऐसी नियुक्तियों का दुनियाभर में चलन है अमेरिका से लेकर इंग्लैंड तक मे यह प्रभावी है। किंतु इस पर भी राहुल गांधी द्वारा सवाल खड़ा किया गया है। यहां बजाय इनके उपयोगिता एवं योग्यता पर प्रश्न की जगह नियुक्ति मे आरक्षण न होने को तूल दिया गया है।जबकि एकल पदों पर आरक्षण का प्रावधान ही नही है। वहीं अतीत के कांग्रेस सरकार में ऐसी नियुक्तियों के कई उदाहरण है। जिसके अंतर्गत मनमोहन सिंह,मॉन्टेक सिंह अहुवालिया,रघुराज रामन सैम पित्रोदा एवं सोनिया गांधी लाभान्वित हुई है। किंतु विपक्ष द्वारा बनाये गए मुद्दे को लेकर सरकार यहां भी अपने निर्णय से पीछे हटी है। जिसकी परिणति संघ लोक सेवा आयोग द्वारा इस विज्ञापन के जारी होने के तीसरे दिन इसका निरस्त होना है।वैसे इन मुद्दों का सबसे असमंजसपूर्ण पहलू सरकार मे बैठे लोगो का परस्पर विरोधी वक्तव्यों का आना है। बात प्रशासकीय सेवा चयन मुद्दे की करे तो मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के वक्तव्य बेहद सधे थे।आरक्षित वर्ग आने वाले इस पूर्व नौकरशाह ने इसके विषय मे बेहतरीन दलीलें दी थी। किंतु इसी मुद्दे पर मंत्री चिराग पासवान ने विरोध पूर्ण वक्तव्य देने करने का काम किया।वही सहयोगी दल जदयू ने भी असहमति प्रकट की है। दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी की प्राथमिकताओं में सामाजिक न्याय सर्वोपरि है। वैसे केवल ऐसे दो मामले ही नहीं हैं। इसी महीने केंद्र सरकार ने वक्फ बोर्ड की कार्यप्रणाली मे सुधार हेतु एक संशोधन विधेयक लाया था, जिसे विपक्ष के विरोधी तेवर को देखते हुए अकारण संयुक्त संसदीय समिति के हवाले कर दिया गया, जिसके प्रतिनिधि सत्ता एवं विपक्ष दोनों के सदस्यगण होते हैं। ऐसे में अब इस बात की पूरी आशंका है कि यह प्रारूप अधर में लटकेगा। अगर यह सदन पटल पर आया तो भी अपने मूल सुधारात्मक स्वरूप में कतई नहीं होगा। दरसल लगातार ऐसे संशयात्मा निर्णय सरकार की मनसा,प्रगतिशील सोच एवं बदलाव संबंधित प्रयासों पर प्रश्न खड़ा करते हैं।

वहीं यह निश्चित ही विपक्षी दबाव और सत्ता पक्ष के आपसी समन्वय के अभाव का सूचक है। अन्यथा चिराग पासवान तथा नीतीश कुमार की पार्टी सार्वजनिक रूप से भला क्यों विभिन्न मुद्दों पर असहमति प्रकट करती? वहीं वक्फ विधेयक पर तेलगुदेशम द्वारा न्यायिक संवैधानिक पहलुओं के विचार की जगह मजहबी मौलानाओं से संवाद का सुझाव भी निश्चित ही इसी प्रकार का है। ऐसे ही सोच और समझ का परिणाम अब समान नागरिक संहिता की जगह पंथ निरपेक्ष नागरिक कानून की बात है। प्रधानमंत्री ने इस स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले से इसके लाए जाने की बात की है। जबकि यह नागरिकों के बीच बिना किसी भेदभाव के एक समान अधिकार व्यवहार एवं दंडविधान की वकालत करता है। यह संविधान की मूल भावनाओं की न्याय सम्मत अभिव्यक्ति है। किंतु जब देश के प्रधानमंत्री ही इसे लेकर ऐसे संशय तथा परिवर्तनों वाले सोच से भरे हों, ऐसे में इसका भी हश्र निश्चित ही दुर्भाग्यपूर्ण होगा। दरअसल अतीत के कई ऐसे मसलें हैं जिस पर प्रभावी पहल के बावजूद भाजपा सरकार असफल सिद्ध हुई है। यहां तक कि कई मामलों में तो न्यायालय के स्पष्ट निर्देश के बाद भी भाजपा शासन इन निर्णयों पर अडिग नहीं रही।

पिछले एक वर्ष से अशांत मणिपुर समस्या का मूल कारण आरक्षण से संबंधित रहा है। यहां के मूल निवासी मैतेई बहुसंख्यक होने के बावजूद आरक्षण दायरे से बाहर होने के नाते कई प्रकार की समस्याओं से जूझते आ रहे हैं। ये समुदाय अपने ही प्रांत में कहीं भी भूमि क्रय कर बस नहीं सकता है। वही यहां लागू दोहरे आरक्षण विधानों के नाते भूमिपुत्र मैतेई सरकारी नौकरियों मे भी पर्याप्त हिस्सेदारी से वंचित है।

ऐसे में इनके पक्ष में आए न्यायिक निर्णय के बावजूद भाजपा शासन इन्हें आरक्षण दायरे में शामिल करने मे अक्षम सिद्ध हुई है। विदेशी शक्तियों के षड्यंत्र एवं विपक्षी राजनैतिक दबाब के नाते ऐसे कई घटनाक्रम विगत वर्षों में हुए है। सन 2021 मे तेरह महीनों तक चला अराजक किसान आंदोलन भी कुछ ऐसा ही था। आंदोलन की आड़ में अलगाववादी शक्तियां अराजकता को बढ़ावा दे रही थीं। वहीं यह देश की छवि को खराब करने तथा सरकार को अस्थिर करने का भी उपक्रम था। बात अगर सुधारों की हो तो पूर्ववर्ती सरकारों के समय आए कृषि सुधार प्रस्तावों को तीन कृषि कानूनों के द्वारा इस सरकार में लाया गया था।

प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक डॉ.स्वामीनाथन की पूरी रिपोर्ट जो की कांग्रेसनीत गठबंधन सरकार के दौरान आई थी वो पूरी की पूरी लागू होनी थी। किंतु मोदी सरकार अपने इस निर्णय पर भी कायम नही रह पाई। वैसे ये मोदी शासन के पूर्ववर्ती कार्यकाल की इकलौती घटना नहीं है। इससे पहले माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने दलित उत्पीड़न अधिनियम के दुरुपयोग पर रोक लगाने का निर्णय दिया है, जिसके उपरांत विरोध प्रदर्शनों को देखकर भाजपा शासन ने इसे संसदीय प्रस्ताव से पलट दिया था। विदित हो कि ऐसा ही एक न्यायिक निर्णय शाहबानों प्रकरण भी हुआ था।

जबकि इन सभी निर्णयों का सीधा संबंध देश के तीव्र गति विकास एवं शांतिपूर्ण सामाजिक ताने-बाने से रहा है। इस बीच सबसे दुखदाई बात है सरकार,भाजपा पार्टी और इससे जुड़े आरएसएस समूह के संगठनों की ऐसे सभी मुद्दों पर निष्प्रभावी पहल और इनका निष्क्रिय एवं आत्ममुग्ध होना। ऐसे में दो ही विकल्प बचते है। देशहित में सरकार ऐसे हर मुद्दे पर जनमानस में एक व्यापक समर्थन तैयार करे। वहीं प्रत्येक मसले पर पूरी तैयारी के साथ आए तथा बिना दबाव के इसे लागू करें और अपने निर्णयों पर बनी रहे।

# तितिक्षा

**डॉ. ज्ञानानंद दास स्वामी**

नेक भोगों का घर अर्थात यह संसार! हर प्राणी अपनी इंद्रियों की शक्ति के अनुसार संसार के विविध भोगों में प्रवृत्त होता है। भगवान स्वामीनारायण समझाते हैं कि संसार के शब्द, स्पर्श, रूप, रस व गंध इन पंचविषयों में श्रोत्र (कान), त्वक (त्वचा),चक्षु (आंख), रसना (जीभ), घ्राण (नाक) नामक इंद्रियां प्रवृत्त होती हैं। ये इंद्रियां ही भोग के साधन हैं। पंचविषयों के इन क्षणिक सांसारिक सुख में इंद्रियां व्यक्ति को पूर्णतया डूबा कर रखती हैं। किंतु जैसे शरीर नाशवान है, वैसे ही शरीर के सुख- दुःख भी नश्वर हैं इसलिए इंद्रियों के विषयों से संबंधित सभी सुख- दुःख भी अल्पकालिक हैं। इसीलिए भगवान इन सांसारिक सुख-दुःख को सर्दी- गर्मी की उपमा देकर उन्हें सहन करने को कह कर अर्थात स्थिर रह कर अपने कर्त्तव्य को करने का उपदेश देते हैं। भगवान ने अर्जुन से कहा, इंद्रिय और विषय का संयोग अनित्य है वे गर्मी और सर्दी की तरह बार- बार सुखी- दुःखी करते हैं। हालांकि ये दोनों अस्थायी हैं। अतः अर्जुन! उन्हें स्थिर रह कर सहन करो।' किंतु संसार की नश्वरता को -समझने के बाद भी मनुष्य जाग्रत नहीं है। उसे सोचना चाहिए कि ऐसे सुख से क्या लाभ जिसका परिणाम केवल दुःख हो! श्रीमद्भागवत में वेदव्यास जी तितिक्षा (अर्थात सुख- दुःख के द्वंद्वों में स्थिर रहना सहन करना) का वर्णन करते हैं। समझाते हैं कि बाहरी विकट परिस्थितियां स्थिर व्यक्ति की आंतरिक समृद्धि को दूर नहीं कर सकतीं। तितिक्षा को धैर्य' भी कहा जाता है। यह गुण केवल मानसिक ताकत ही नहींङ्क बल्कि जीवन की सच्ची समझ और स्थिरता का भी प्रतीक है। जब व्यक्ति तितिक्षा का अभ्यास करता है तो वह धैर्यपूर्वक परिस्थितियों को स्वीकार करता है और प्रतिकूल परिस्थितियों में भी सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखता है। संक्षेप में तितिक्षा ऐसा गुण है जो हमें जीवन की कठिनाइयों को सहन करने, समर्पण के साथ अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ने और अंततः आत्मविकास की ओर अग्रसर होने में मदद करता है। इस प्रकार भगवान कृष्ण ने तितिक्षस्व' कहकर सुख- दुःख के द्वंद्वों का निराकरण स्थिरता और धैर्य से करने का उपदेश दिया॥।

## पत्र

### पुरुष दिवस मनाने की घोषणा करे भारत सरकार

अपने देश में बहुत से दिवस मनाने का रिवाज है। वर्षों से बाल दिवस मनाया जाता है। इसके बाद कई और दिन मनाने शुरू कर दिए। देश में जिस प्रकार कामुक रोगी मानसिकता वाले लोग लड़कियों का यौन शोषण और यौन उत्पीड़न करते हैं, उसके लिए सरकार कितने भी कानून बना ले, कितना भी दंड बढ़ा ले, पर मेरा यह विश्वास है कि केवल कानून से सामाजिक क्रांति, समाज सुधार नहीं हो सकता।

इसके लिए सभी धर्मों के सभी धर्म गुरुओं को जागृति पैदा करके संकल्प लेने चाहिए। इसके साथ ही भारत सरकार कम से कम एक वर्ष के लिए हर महीने पुरुष दिवस मनाना शुरू करे। उस दिन महिलाएं अपने परिवारों के सभी पुरुष सदस्यों से यह शपथ लें कि वे कभी भी किसी भी महिला पर कुदृष्टि नहीं रखेंगे व उसके सम्मान की रक्षा में भागीदार बनेंगे। तभी बलात्कार जैसी घटनाओं पर रोक लग पाएगी।

**केपी शर्मा,रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम दो पंचायत में मिलें 804 आवेदन

मेट्रो रेज



**जामा :** उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी ए दौड्डे के निदेर्शानुसार जामा प्रखंड में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का तीसरा चरण शुक्रवार शुरू हो गया जो 15 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा।आपकी-योजना आपकी-सरकार आपके-द्वार कार्यक्रम के पहले दिन जामा प्रखंड के तपसी एवं ढोढली पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ करते हुए जिला भू-अर्जन पदाधिकारी विनोद कुमार कर्मकार एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ। विवेक किशोर ने शिविर में लगे स्टॉल का निरीक्षण किया और आमजनों को राज्य सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही स्टॉल में आम जनों से संबंधित विड़िान्न कल्याणकारी योजनाओं एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त किया गया एवं प्राप्त आवेदनों के कुछ जरूरी आवेदनों पर प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निष्पादन किया गया। बता दें कि आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार के तीसरे चरण में प्राथमिकता के आधार पर झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना,अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना,अबुआ आवास योजना,मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड,सर्वजन पेंशन योजना,सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना,हरा राशन कार्ड,बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना,मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, स्वास्थ्य राजस्व, श्रम, विद्युत जाति/आवासीय/आय प्रमाण-पत्र से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। जिसमें तपसी पंचायत में कूल 325 आवेदन प्राप्त किया गया। जबकि ढोढ़ली पंचायत में कुल आवेदन 479 प्राप्त किया गया। दोनो पंचायतों में कुल 804 आवदेन प्राप्त किया गया। इस मौके पर बीडीओ डॉ। विवेक किशोर, अंचलाधिकारी अशोक बड़ाईक, प्रभारी बीपीआरओ अशोक कुमार गुप्ता, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुधा कुमारी, प्रभारी कल्याण पदाधिकारी मानव कुमार, समन्वयक विकास कुमार मिश्रा, अंचल निरीक्षक जितेंद्र कुमार साह, झामुमो नेता कालेश्वर सोरेन, रामकृष्ण हेम्ब्रम, पंचायत समिति सदस्य प्रमोद पंडित, कमीशन सोरेन सहित अनेकों कर्मी मौजूद थे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का लाभ उठाएं ग्रामीण : सुधीर मंगलेश

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड की दुलमी पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, प्रमुख रेणु देवी, उपप्रमुख धर्मवीर महतो, नोडल पदाधिकारी के रूप में भूअर्जन पदाधिकारी बिजेंद्र कुमार, गंगा चौधरी, राकेश कुमार, प्रकाश करमाली आदि उपस्थित थे। बीस सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन राज्य सरकार द्वारा आम जनता को उनकी पंचायत में योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। विशेषकर ग्रामीण जनता इसका लाभ उठाएं। अतिथियों ने विभिन्न विभाग के स्टॉल का निरीक्षण किया। लाभुकों को अबुआ आवास, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, फूलो झानो योजना के तहत चेक, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, सावित्री किशोरी स्मृति योजना व सामाजिक योजना का फार्म दिया गया। दर्जनों छात्रों के बीच साइकिल का वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी शशि सिन्हा, मुखिया प्रमेशवर पटेल, शेख बहादुर, संजय प्रसाद व अंचल व प्रखंड के कई कर्मी मौजूद थे।

## बहन से मिलने आए प्रेमी की भाइयों ने लाठी से पीट कर की हत्या

**पलामू।** बहन से मिलने आए प्रेमी को दो भाइयों ने मिलकर हत्या कर दी और शव को बाइक पर बैठाकर जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के सोनपुरा अमानत नदी पुल से नीचे फेंक दिया। पांच दिन बाद बजलपुर पाठकपगार में अमानत नदी किनारे से डेड बॉडी क्षत-विक्षत अवस्था में बरामद की गयी। शव की पहचान पांकी के कोनवाई के मेहक कुमार सिंह (22) के रूप में होने के बाद भाई सिंधु कुमार सिंह ने मामला दर्ज कराया। अनुसंधान के दौरान प्रेमिका नीलम देवी (24) पति विद्यापति सिंह को गिरफ्तार किया गया। नीलम का ससुराल कोनवाई पांकी में है। पड़ोसी में रहने के कारण दोनों के बीच में एक वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। 22 अगस्त की रात मेहक को मिलने के लिए नीलम अपने घर बुलायी थी, तभी घर पर सोये उसके भाई विवेकानंद सिंह (18) एवं विभीषण कुमार (22) ने उन्हें देख लिया और मेहक की पिटायी शुरू कर दी। विवेकानंद ने अनाज झाड़ने वाली लाठी से मेहक के सिर पर मार दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी।

## न्यूज ब्रीफ

### जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं



**दुमका :** कार्यालय कक्ष में जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने शुक्रवार को जिले के विभिन्न प्रखंड से जनता दरबार में आए आमजनों की समस्याओं को सुना।उन्होंने आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का संज्ञान में लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को जल्द से जल्द नियमानुसार तरीके से निष्पादित करने का निर्देश दिया।ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को उपायुक्त जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनकर निराकरण करते हैं।

### ट्रेन गिरकर प्रभारी प्रधानाध्यापक की हुई मौत



**जामा :** थाना क्षेत्र के दुमका भागलपुर रेलवे लाइन पर बैसा गांव के पास ट्रेन से गिर जाने से एक शिक्षक की मौत घटनास्थल पर हो गयी है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इसी दौरान मृतक के मोबाइल की घंटी बजने पर पुलिस ने कॉल रिसीव किया। जिससे पता चला कि मृतक संजय कुमार हेम्ब्रम उम्र 52 वर्ष जामा प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय छातापहाड़ी के प्रभारी प्रधानाध्यापक हैं। जानकारी के अनुसार उनकी मौत चलती ट्रेन से गिरने से हो गयी है। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि पहचान के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिये फुलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है। शिक्षक की मौत की खबर सुनते ही विभिन्न शिक्षक संगठनों ने दुःख व्यक्त किया है।

### ममता देवी ने मंत्री डॉ इरफान अंसारी से की मुलाकात



**रामगढ़ :** जिले की पूर्व विधायक ममता देवी विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न पुलिया, सड़क आदि की समस्याओं के संबंध में ग्रामीण कार्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी से मिलकर चर्चा की। मंत्री ने रामगढ़ की दो महत्वपूर्ण सड़कों, जिसमें बाजार समिति से बाजारटांड़ भाया दिनेश स्टील जो जर्जर अवस्था में है एवं लोधमा ग्राम के बड़की नदी पर निर्मित ब्रिज से कर्मा ग्रेड 2 रोड हुहुआ सीमाना तक के निर्माण के लिए त्वरित कार्रवाई करते हुए विभागीय सचिव को डीपीआर तैयार करने का निर्देश जारी कर दिया। मंत्री ने पूर्व विधायक के आग्रह पर दोनों सड़कों का निर्माण विधानसभा चुनाव से पूर्व आरंभ करने का आश्वासन दिया है। ममता देवी ने डॉक्टर इरफान अंसारी को धन्यवाद देते हुए कहा कि वे जनहित के कार्यों के त्वरित निष्पादन पर विश्वास करते हैं। उनकी यही अच्छाई आम लोगों के बीच में उन्हें लोकप्रिय बनाती है।

### रामगढ़ कोल ट्रांसपोर्टिंग में लगे वाहन पर हमले की योजना बना रहा अपराधी गिरफ्तार



**रामगढ़ :** कोल ट्रांसपोर्टिंग में लगे वाहन पर हमले की योजना बना रहा एक अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। एसपी अजय कुमार ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार की रात सूचना प्राप्त हुई थी कि पतरातू थाना क्षेत्र का रहने वाला मुखलाल गंझू जॉन ट्रांसपोस्टिंग ऐजेंसी की गाड़ियों पर लेवी की मांग को लेकर हमले की योजना बना रहा है।घटना को अंजाम देने के लिए वह एक बंदूक को लेकर तालाटांड स्थित पुलिया पर बैठा हुआ था। इस सूचना क बाद एक छापामार दल का गठन किया गया। छापामार दल ने ग्राम तालाटांड के पुलिया के पास से एक भरठुआ बंदूक के साथ मुखलाल गंझू को गिरफ्तार किया गया।

### पीजी सेमेस्टर-4 का परिणाम घोषित

**दुमका :** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका द्वारा पी॰जी॰ सेमेस्टर -4 परीक्षा 2024, सत्र 2022-24 कला,विज्ञान एवं वाणिज्य का परीक्षाफल शुक्रवार को घोषित कर दिया गया है। जिसमें कला संकाय के कुल 2984 परीक्षार्थियों में 86.56 प्रतिशत, विज्ञान संकाय के कुल 1193 परीक्षार्थियों में 88.52 प्रतिशत तथा वाणिज्य संकाय के कुल 142 परीक्षार्थि यों में 85.21 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए है। उक्त परिणाम को विवि का आधिकारिक वेबसाइट पर शनिवार से देखा जा सकता है।

### कर्रा प्रखंड के डहकेला मे उपायुक्त ने किया पुस्तकालय का उद्घाटन

**खूंटी।** कर्रा प्रखंड के पंचायत सचिवालय, डेहकेला में बने पुस्ताकलय का शुक्रवार को उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने उद्घाटन किया। इस दौरान डीसी ने लाइब्रेरी में पठन-पाठन को लेकर की गई व्यवस्था का जायजय लिया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से मुलाकात कर स्थिति की जानकारी ली। उपायुक्त ने कहा कि क्षेत्र के बच्चों को लाइब्रेरी में पठन-पाठन का अच्छा माहौल मिलेगा, जहां वे बैठकर अच्छी तरह से पढ़ाई कर सकेंगे। ज्ञात हो कि पंचायत सचिवालय में बच्चों के पठन-पाठन के लिए दो कमरे में लाइब्रेरी की व्यवस्था की गई है, जहां बच्चों को बैठकर पढ़ने के साथ-साथ विभिन्न विषयों की किताबें, कंप्यूटर, इंटरनेट समेत अन्य सुविधा मुहैया कराई गई है।

## अमित कुमार सिंह ने 46वें एसपी के रूप में किया पदभार ग्रहण



मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** जिले के 46वें एसपी के रूप में 2016 बैच के आईपीएस अमित कुमार सिंह ने शुक्रवार को निवर्तमान एसपी कुमार गौरव से पदभार ग्रहण किया। इसके पूर्व नए एसपी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वहीं नए एसपी के कार्यालय पहुंचने पर निवर्तमान एसपी कुमार गौरव ने उनका स्वागत उन्हें बुके देकर दिया। इस दौरान नए एसपी अमित कुमार सिंह ने कहा कि अपराधियों को उनके कार्यकाल में कोई जगह नहीं मिलेगी। अपराधी मुख्यधारा में शामिल हो जाएं या जिला छोड़ दें। उन्होंने कहा कि अपराधियों से सख्ती से निपटेंगे। वारदातों का तुरंत उद्भेदन, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई और फिर कोर्ट तक पूरी प्रक्रिया को त्वरित रूप से निपटा कर दोषियों को सजा दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी। जनता के साथ पुलिस के बीच बेहतर संबंध बनाएंगे। अवैध कारोबार पर अंकुश लगाएंगे। आने वाले चुनाव और पर्व त्योहारों में लॉ एंड आर्डर को कड़ाई से लागू किया जाएगा। थानों में जनता के आवेदनों पर तुरंत कार्यवाही कराएंगे। नए एसपी ने अपराध मुक्त जिला बनाने में लोगों से सहयोग की अपील भी की।

## लाभार्थियों को किया गया लाभान्वित

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** आपकी योजना -आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम का आज से जिले के विभिन्न पंचायत एवं वार्डों में शुभारंभ हुआ । यह कार्यक्रम आज से शुरू हो कर आगामी 15 सितंबर तक चलेगा। बरहेट प्रखण्ड के बोड़बांध पंचायत, बरहेट बाजार पंचायत भवन, बरहरवा प्रखण्ड के रिसौड़ पंचायत, सातगाछी उत्क्रमित मध्य विद्यालय अढ़ाईटिकट, उधवा प्रखंड में अमानत दियारा, उत्तर पलाशगाछी, तालझारी प्रखण्ड के तालझारी पंचायत, बोरियो प्रखण्ड के अपरोल पंचायत, मंडरो प्रखण्ड के बच्चा पंचायत, पतना प्रखण्ड के बड़ा दिग्घी पंचायत, साहेबगंज प्रखण्ड के गंगा प्रसाद पूर्व, राजमहल प्रखण्ड के दाहूटोला पंचायत एवं नगर परिषद साहिबगंज में कौशल विकास केंद्र साहिबगंज में शिविर का आयोजन किया गया। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि सरकार की पहुंच समाज के अंतिम व्यक्ति तक हो। सरकार द्वारा संचालित की जा रही कल्याणकारी योजना से लोग लाभान्वित हों, ग्रामीणों की आय में बढ़ोतरी हो और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो। जिले के पशुपालक एवं किसान संबंधित योजना के तहत लाभान्वित हो, उन्हें केसीसी का पूरा लाभ मिले, जमीन रसीद से संबंधित मामलों का निपटारा हो, जिले के असंगठित मजदूरों का निबंधन हो सके कि वह गांव में ही काम कर सकें।इसके अलावा सरकार और जिला प्रशासन संकल्पित है की ग्रामीण स्तर की समस्याओं का निपटारा ससमय हो सके और गांव की स्थिति बेहतर हो सके ग्रामीणों की स्थिति बेहतर हो सके इसी के मद्देनजर कार्यक्रम के माध्यम से पदाधिकारियों एवं जनता के बीच की दूरी मिटेगी। लोगों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी मिल सकेगी और वह योजना अंतर्गत आवेदन कर पाएंगे जिससे आगे उन्हें कई लाभ मिलेगी।जिला प्रशासन जनता के हितों के कार्य के लिए दृढ़ संकल्पित है एवं जनता की समस्या का निपटारा करने एवं उन्हें योजनाओं का लाभ देने के लिए पूरी तरह प्रयासरत है। शिविर में इन विभिन्न गतिविधियों का संपादन हुआ ।आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रमẓ के जरिए आमजनों को राज्य सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही इसके तहत झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत नये ग्रीन राशन कार्ड, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लिए आवेदन, सर्वजन पेंशन योजना के लिए आवेदनॉ, किसान क्रेडिट कार्ड केसीसी के लिए आवेदन समेत अन्य योजनाओं का लाभ सुयोग्य लाभुकों से आवेदन प्राप्त कर जांच के बाद दिया जायेगा। आपकी योजना -आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के तहत आज जिला के विभिन्न शिविरों में अपराह्न 05:40 तक विभिन्न योजनाओं से संबंधित कुल 5289 आवेदनों का ऑनलाइन किया गया। जिसमें अन्य फॉर्म 625, अबुआ आवास योजना कुल 3603, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना कुल 28, आधार कार्ड संशोधन कुल 48, आय प्रमाण पत्र कुल 01, आय प्रमाण पत्र में संशोधन कुल 05, आयुष्मान कार्ड का वितरण कुल 79, आवासीय प्रमाण पत्र कुल 05, जाति प्रमाण पत्र कुल 09, धोती साड़ी लूंगी वितरण कुल 11, बिजली बिल में संबंधित शिकायत कुल 01, राशन कार्ड में संशोधन कुल 87, वृद्धा पेंशन कुल 165, विकलांगता पेंशन कुल 05, विधवा पेंशन कुल 03, सर्वजन पेंशन योजना कुल 469, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से संबंधित कुल 145 आवेदनों का ऑनलाइन किया गया। जिसमें 22 आवेदन को त्वरित निष्पादित किया गया।

## जनता के हितों के लिए सांसद हमेशा आगे रहता है : स्टीफन मरांडी

मेट्रो रेज



**साहिबगंज/बोरियो :** प्रखण्ड के अप्रोल पंचायत अंतर्गत मरिचो में पिछले 15 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण इस भीषण गर्मी में लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।वही गांव वालों ने इसकी जानकारी झामुमो सांसद स्टीफन मुर्मू को दी। तो उन्होंने तुरंत इसकी जानकारी राजमहल सांसद विजय हांसदा को दिया। वही सांसद विजय हांसदा ने बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता को फोन कर तुरंत गांव में ट्रांसफार्मर लगाने का निर्देश दिया वही गांव में नए 25 केवी के ट्रांसफार्मर का उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि स्टीफन मुर्मू,प्रखण्ड कमिटी के सदस्य सुरेश मराण्डी, विजय मराण्डी,प्रबोध कुमार हॉसदा ने संयुक्त रूप से ट्रांसफारमर का उद्घाटन फीता काट कर किया।श्री स्टीफन ने कहा जनता के हितों के लिए सांसद हमेशा आगे रहता है। आज ये कार्य सांसद के निर्देश पर पुर्ण हुआ है। वही ग्रामीणों ने सांसद विजय हांसदा,झामुमो प्रखण्ड कमिटी को गॉव में नया ट्रांसफार्मर लगाने के लिए धन्यवाद दिया।

## एमटी राजा के नेतृत्व में अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष से मिला शिष्ट मंडल

### सदर प्रखंड के लालबथानी उच्च विद्यालय को लालबथानीके ही पुनः स्थापित करने की मांग

मेट्रो रेज



**साहिबगंज :** झामुमो नेता एमटी राजा के नेतृत्व में शुक्रवार को एक शिष्ठ मंडल ने झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान से मुलाकात की। साथ ही उन्हें जिले के अल्पसंख्यकों से जुड़े कई मुद्दों से अवगत कराते हुए समस्या समाधान के लिए ज्ञापन सौंपा। दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि गंगा कटाव के चलते उच्च विद्यालय लालबथानी को महादेवगंज में संचालित किया जा रहा है।ऐसे में लालबथानी के छात्र-छात्राओं को गंगा किनारे-किनारे 5।7 किमी की दूरी तय कर विद्यालय आनेजाने में भारी कठिनाई हो रही है।विद्यालय को लालबथानी में ही पुनर्स्थापित करने की मांग की गई।वहीं मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना में बहुत कम अल्पसंख्यकों को लाभ मिलने की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए बताया गया कि विभाग युवकों को रोजगार के नाम पर कार्यालय का चक्कर लगवाया जाता है।अधिक से अधिक अल्पसंख्यक युवकों को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना से जोड़ने की मांग भी कई गई। मौके पर प्रो नजरुल इस्लाम, सदर प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष प्रो मोजम्मिल हक,राजू अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

## नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी लाने का उपायुक्त ने दिया निर्देश

मेट्रो रेज



**साहिबगंज :** कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट कायाकल्प की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले के स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान डॉक्टरों की रोस्टर ड्यूटी, डॉक्टर्स और स्टाफ की कमी जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। उपायुक्त हेमंत सती ने स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया। उन्होंने जिले में 2 सर्जन, 2 एनेस्थीसिया डॉक्टरों सहित अन्य आवश्यक कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट डीएमएफटी के तहत नियुक्ति प्रक्रिया को शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए।उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए मानव संसाधन की कमी को जल्द से जल्द दूर करना जरूरी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि डॉक्टरों और स्टाफ की रोस्टर ड्यूटी को सुचारू रूप से चलाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि मरीजों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं मिल सकें।बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी और स्वास्थ्य विशेषज्ञ भी उपस्थित थे। जिन्होंने अपने विचार साझा किए और विभिन्न मुद्दों पर सुझाव दिए। अंत में सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि नियुक्ति प्रक्रिया को तेज किया जाए और जल्द से जल्द आवश्यक कर्मियों की नियुक्ति की जाए ताकि जिले के स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सा सेवाओं का सुचारू संचालन सुनिश्चित हो सके।

## भारत के सबसे अमीर एक्टर बने शाहरुख खान



**बॉलीवुड** के किंग अभिनेता शाहरुख खान ने कड़ी मेहनत के दम पर बॉलीवुड में अपना नाम बनाया है। शाहरुख की फिल्मों का उनके फैंस को बेसब्री से इंतजार रहता है। शाहरुख की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई कर रही हैं। इतना ही नहीं, शाहरुख को अलग-अलग किरदारों से लोगों का प्यार भी मिलता है। न सिर्फ शोहरत और फैंस का प्यार, बल्कि किंग खान ने खूब पैसा भी कमाया है। यह पहली बार है कि उनका नाम भारत के सबसे अमीर लोगों की सूची में शामिल किया गया है। भारत के टॉप रईसों की लिस्ट जारी की गई है, जिसमें किंग खान ने ऋतिक रोशन और अमिताभ बच्चन जैसे स्टार्स को पछाड़ दिया है और टॉप पर जगह बनाई है। रिपोर्ट के अनुसार शाहरुख खान भारत के सबसे अमीर अभिनेताओं की सूची में नंबर एक स्थान पर पहुंच गए हैं। किंग खान की कुल संपत्ति 7300 करोड़ है। पिछले साल 2023 में घोषणा की गई थी, जिसमें उनकी नेटवर्थ 6300 करोड़ रुपये थी। इसके मुताबिक एक साल में शाहरुख की नेटवर्थ में एक हजार करोड़ का उछाल आया है। इस लिस्ट में शाहरुख खान के अलावा अमिताभ बच्चन, जूही चावला, करण जौहर और ऋतिक रोशन के भी नाम हैं। अमिताभ बच्चन की नेट वर्थ 1600 करोड़, जूही चावला की नेट वर्थ 4600 करोड़, ऋतिक रोशन की नेट वर्थ 2000 करोड़ और करण जौहर की नेट वर्थ 1400 करोड़ है। इस मामले में शाहरुख खान ने सभी को पीछे छोड़ दिया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो वह इस समय अपनी आने वाली फिल्म 'किंग' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म की शूटिंग हंगरी के बुडापेस्ट में होगी।



## मुझे इंदिरा गांधी के जीवन से मिला सबसे बड़ा सबक है : कंगना रनौत

**किसान** आंदोलन पर अपने बयान को लेकर सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत इस समय सुर्खियों में हैं। ऐसे में कंगना की आने वाली फिल्म 'इमरजेंसी' भी चर्चा में है। इस फिल्म की कहानी आपातकाल के दौरान घटनाओं पर आधारित है। कुछ सिख संगठन इस फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की भी मांग कर रहे हैं।

कंगना रनौत के बयान के बाद अब इस फिल्म को लेकर दर्शकों उत्सुकता बढ़ गई है। एक मीडिया को दिए इंटरव्यू में कंगना ने बताया कि उन्होंने इंदिरा गांधी से क्या सीखा।

अभिनेत्री कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी 6 सितंबर को रिलीज हो रही है। फिलहाल जब जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर उनके एक सियासी माहौल गर्म है। आपातकाल पर आधारित यह फिल्म राजनीतिक जगत में चर्चा का विषय बनी हुई है। इसी पृष्ठभूमि में कंगना रनौत की प्रतिक्रियाओं के भी मायने निकाले जा रहे हैं। इंटरव्यू में कंगना रनौत ने इस फिल्म को लेकर अपनी स्थिति साफ की है। कंगना ने कहा कि, 'मैंने इस फिल्म के लिए बहुत मेहनत की है। मुझे पता था कि इसमें इतना समय लगेगा। मैं कुछ ऐसा देना चाहती थी, जो न केवल मनोरंजन के लिए हो बल्कि हमारी पीढ़ी के लिए भी हो। आपात स्थिति में हम हमेशा एकजुट रहते हैं।' आजकल संविधान पर खूब चर्चा हो रही है। आपातकाल के दौरान संविधान की हत्या कर दी गयी। यह तो हम सालों से सुनते आ रहे हैं, लेकिन हम वास्तव में नहीं जानते कि तब क्या हुआ।'

कंगना ने कहा कि, 'एक कलाकार के रूप में मेरा इरादा अलग था। यह समझा जा सकता है कि कोई आपात स्थिति उत्पन्न हो गई है, कोई गैरकानूनी कार्य हो गया है, सब कुछ असंवैधानिक तरीके से हो गया है, आदि। फिर वास्तव में क्या हुआ। इतना लोकप्रिय नेता...हममें से कोई भी हमारे अहंकार, शक्ति का शिकार हो सकता है, यह मेरे लिए इंदिरा गांधी के जीवन से एक बड़ा सबक है।'

फिल्म 'इमरजेंसी' इंदिरा गांधी का मुख्य किरदार निभाने वाली कंगना रनौत ने कहा कि 'इंदिरा गांधी एक ऐसी शख्सियत हैं, जिनसे जितना प्यार किया जाता था, उतना ही गुस्सा भी किया जाता था। उन्हें अभिनव चण्डी, दुर्गा तथा अन्य विशेषण दिए गए। आज कुछ लोग मोदी को राम का अवतार मानते हैं। लोग तब इंदिरा गांधी को दुर्गा का अवतार मानते थे। इसलिए, यह पहली बार नहीं है कि मोदी को राम का अवतार माना गया है, लेकिन इन सबके बावजूद इंदिरा गांधी देश के ही खिलाफ चली गईं। यह मेरे लिए बहुत रोमांचक था।'


उन्होंने कहा कि, 'उनके करीबी व्यक्ति पुपुल जयकर ने इंदिरा गांधी की जीवनी लिखी है। इसमें इंदिरा गांधी ने उस दौरान अपने गुरु कृष्णमूर्ति से आपातकाल को लेकर हुई बातचीत के बारे में बताया है। कृष्णमूर्ति ने तब इंदिरा गांधी से कहा था कि आप इस आपातकाल को खत्म करें। यह तो तुम बहुत बड़ा पाप कर रही हो। तो इंदिरा गांधी ने उनसे कहा कि मैं एक अत्यंत क्रूर राक्षस पर सवार हूं। मैं अब नहीं रुक सकती। यदि मैं रुकी तो यह राक्षस मुझे खा जायेगा। इससे मुझ पर बहुत प्रभाव पड़ा। मुझे लगा कि यह एक बात है, जो देश को, आने वाली पीढ़ी को, हमारे आने वाले नेताओं को पता होनी चाहिए'।' कंगना रनौत ने कहा कि एक कलाकार के तौर पर मैं इस बात से इनकार नहीं कर सकती कि इंदिरा गांधी ने इस देश को क्या दिया है।



## जोया अख्तर ने सेंसर बोर्ड पर साधा निशाना

मशहूर लेखक जावेद अख्तर की बेटी जोया अख्तर एक बेहतरीन डायरेक्टर हैं। उनके निर्देशन में बनी 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' दर्शकों की पसंदीदा फिल्म है। हाल ही में जोया ने एक इंटरव्यू में सेंसर बोर्ड पर निशाना साधा। उन्होंने ऐसा सवाल उठाया कि फिल्म में बलात्कार के दृश्य दिखा सकते हैं लेकिन किसिंग नहीं।जोया अख्तर हाल ही में अपने पिता जावेद अख्तर के साथ एक कार्यक्रम में शामिल हुईं। जोया ने कहा, 'शारीरिक अंतरंगता पर सेंसरशिप हटा दी जानी चाहिए। मुझे पता है कि अगर यह सेंसरशिप हटा दी गई, तो यहां ऐसे लोग हैं जो अपनी इच्छा के खिलाफ इसे देखेंगे। मुझे लगता है कि फिल्मों में सहमति से अंतरंगता दिखाने की जरूरत है और मुझे लगता है कि बच्चे भी इसे देखकर बड़े हो सकते हैं।' जोया के बयान पर कई लोगों ने आपत्ति जताई है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकियों की तुलना में फ्रांसीसी पुरुषों की नग्नता के प्रति अधिक खुले हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह जिंदगी ना मिलेगी दोबारा में वह काम नहीं करेंगी जो उन्होंने लस्ट स्टोरीज में दिखाया था।

## विक्की कौशल तृप्ति डिमरी की 'बैड न्यूज' ओटीटी पर रिलीज




**विक्की** कौशल-तृप्ति डेमरी की लीड रोल वाली फिल्म 'बैड न्यूज' को लोगों ने खूब पसंद किया था। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ से ज्यादा का बिजनेस किया है। विक्की कौशल-तृप्ति डेमरी, एमी वर्क द्वारा निभाए गए किरदारों को लोगों ने खूब पसंद किया। फिल्म की अलग-अलग कहानी, गानों पर चर्चा हुई। विक्की-तृप्ति की 'बैड न्यूज' फिल्म अब ओटीटी पर रिलीज हो गई है। विक्की कौशल-तृप्ति डिमरी की 'बैड न्यूज' अब ओटीटी रिलीज के लिए तैयार है। 'बैड न्यूज' प्राइम वीडियो ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो गई है। फिलहाल आप इस फिल्म को फ्री में नहीं देख सकते। फिल्म देखने के लिए आपको अमेजन प्राइम सब्सक्रिप्शन के साथ 349 रुपये का भुगतान करना होगा। हालाँकि यह फिल्म फिलहाल मुफ्त में उपलब्ध नहीं है, लेकिन जल्द ही यह फिल्म प्राइम वीडियो पर मुफ्त में उपलब्ध होगी।

### फिल्म 'बैड न्यूज' के बारे में

'बैड न्यूज' 2 घंटे 22 मिनट लंबी है और फिल्म को यू/ए सर्टिफिकेट मिला है। फिल्म में नेहा धूपिया भी अहम भूमिका में हैं। इस फिल्म में विक्की-तृप्ति की केमिस्ट्री फैन्स को काफी पसंद आई है। फिल्म 'बैड न्यूज' का गाना 'तौबा-तौबा' खूब वायरल हुआ था। विक्की के डांस स्टेप्स के लोग दीवाने हैं। इस गाने ने बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी को गुनगुनाने पर मजबूर कर दिया है। अब जब यह ओटीटी पर रिलीज हो गई है तो इस फिल्म का आनंद घर पर भी लिया जा सकता है।

## कार्तिक आर्यन ने किराए पर दिया अपना फ्लैट



अभिनेता कार्तिक आर्यन ने की हाल ही में ब्लॉकबस्टर फिल्म चंदू चैंपियन रिलीज हुई है। फिल्म में उनके अभिनय की सभी ने सराहना की। जहां कार्तिक अपनी सफलता का जश्न मना रहे हैं, वहीं अब उन्होंने अपना एक फ्लैट किराए पर दे दिया है। इससे कार्तिक को लाखों की कमाई होने वाली है। कार्तिक आर्यन ने इसी साल 30 जून को जुहू स्थित सिद्धिविनायक प्रेसीडेंसी में एक फ्लैट खरीदा था। इसकी लागत 17.8 करोड़ रुपये थी। इसके लिए उन्होंने 1.5 करोड़ स्टांप ड्यूटी भी चुकाई थी। साथ ही 30 हजार रुपये रजिस्ट्रेशन फीस भी थी। रिपोर्ट के मुताबिक, यह फ्लैट 1912 वर्ग फुट का है। अब हाल ही में उन्होंने ये फ्लैट किराए पर दिया है। इसके लिए वह प्रति माह 4.5 लाख रुपये चार्ज करेंगे। इससे पहले भी कार्तिक के माता-पिता ने भी पिछले साल प्रॉपर्टी खरीदी थी। उन्होंने इसी सोसायटी में 16.5 करोड़ में एक फ्लैट खरीदा था। यह आठवीं मंजिल पर एक फ्लैट था। इसी जगह पर जावेद अख्तर ने भी फ्लैट लिया था। कई सेलिब्रिटीज इस सोसाइटी का आनंद ले रहे हैं। कार्तिक आर्यन जल्द ही 'भूलभुलैया 3' में नजर आएंगे। इसमें उनकी जोड़ी तृप्ति डिमरी के साथ है। इसके अलावा फिल्म में विद्या बालन और माधुरी दीक्षित की भी भूमिका है। कार्तिक के पास एक फिल्म 'आशिकी 3' भी है।

# मैनचेस्टर यूनाइटेड ने मैनुअल उगार्टे के साथ किया पांच साल का करार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मैनचेस्टर यूनाइटेड ने ग्रीष्मकालीन स्थानांतरण विंडो की अंतिम तिथि पर पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) से उरुग्वे के मैनुअल उगार्टे के साथ पांच साल का अनुबंध किया है।

उरुग्वे के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने जून 2029 तक के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसे एक और साल के लिए बढ़ाने का विकल्प है।

पिछले सीजन में 23 वर्षीय उगार्टे ने कोपा अमेरिका में पीएसजी के लिए प्रत्येक मैच खेला था। साथ उन्होंने पीएसजी के साथ लीग और कप दोनों जीता था, साथ ही उन्हें टूनामेंट की टीम में नामित किया गया था। उन्होंने कुल 22 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। 2022/23 सीजन की शुरूआत के बाद से उगार्टे ने यूरोप की प्रमुख लीगों में प्रति 90 मिनट में दूसरे सबसे ज्यादा टैकल किए हैं।

उगार्टे ने मैनचेस्टर यूनाइटेड में जाने पर कहा, इस तरह के बड़े क्लब में शामिल होना एक अविश्वसनीय एहसास है; जिसकी दुनिया भर में प्रशंसा की जाती है। फुटबॉल नेतृत्व ने मेरे साथ जिस प्रोजेक्ट पर चर्चा की, वह बेहद रोमांचक है; मैनचेस्टर यूनाइटेड एक महत्वाकांक्षी क्लब है और मैं एक महत्वाकांक्षी खिलाड़ी हूं। समर्थकों का जुनून मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है; मैं जानता हूं कि यूनाइटेड के प्रशंसक कितने अविश्वसनीय हैं और मैं ओल्ड ट्रैफर्ड का अनुभव करने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता। मैं ऐसा व्यक्ति हूं जो सफल होने के लिए बहुत दृढ़ है; मैं अपने साथियों के लिए अपना सब कुछ दूंगा। हम साथ मिलकर ट्रॉफी जीतने और उस स्तर तक पहुंचने के लिए लड़ेंगे जहां इस क्लब को होना चाहिए।

मैनचेस्टर यूनाइटेड के खेल निदेशक, डैन एशवर्थ ने कहा, ₹मैनुअल को साइन करना इस गर्मी के लिए हमारे प्राथमिक लक्ष्यों में से एक था। वह दुनिया के सबसे बेहतरीन बॉल-विनिंग मिडफील्ड खिलाड़ियों में से एक है और क्लब और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनका रिकॉर्ड शानदार है। उसके गुण, अनुभव और जुनून मिडफील्डर्स के हमारे मजबूत समूह के लिए एक बेहतरीन पूरक होंगे। मैनुअल एक ऐसा खिलाड़ी है जिसे हमने करीब से देखा है, और हम मैदान पर और ड्रेसिंग रूम में उसके सकारात्मक प्रभाव को देखने के लिए उत्साहित हैं क्योंकि हम सफलता के लिए प्रयास करना जारी रखेंगे।



### विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप

## आरती ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ 10,000 मीटर रेस वॉक में जीता कांस्य




एजेंसी

**लीमा ।** आरती ने शुक्रवार रात को यहां विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 10,000 मीटर पैदल चाल स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय के साथ कांस्य पदक जीतकर भारत का पदक खाता खोला। प्रतियोगिता के अंतिम दिन 17 वर्षीय आरती ने 44 मिनट 39.39 सेकंड का समय लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। चीनी रेस वॉकर झूओमा बाइमा (43:26.60) और माइलिंग चेन (44:30.67) ने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता। इससे पहले गुरुवार की रात, पूजा सिंह ने ऊंची कूद में राष्ट्रीय अंडर 20 महिला राष्ट्रीय रिकॉर्ड को फिर से लिखा और क्वालीफिकेशन राउंड में नौवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया।

हरियाणा के फतेहबाद जिले की रहने वाली 17 वर्षीय पूजा ने 1.83 मीटर की ऊंचाई पार करके क्वालीफिकेशन राउंड ग्रुप बी में दूसरा और कुल मिलाकर नौवां स्थान प्राप्त किया और शनिवार को होने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

राजमिस्त्री की बेटी पूजा ने पिछले साल कोरिया में बनाए गए 1.82 मीटर के अपने ही राष्ट्रीय अंडर 20 रिकॉर्ड को तोड़ दिया और एशियाई अंडर 20 चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था।

## मीरवाइज अशरफ का एसीबी अध्यक्ष बने रहना तय

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) के अध्यक्ष मीरवाइज अशरफ अगले तीन वर्षों तक बोर्ड का कार्यभार संभालेंगे। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, एसीबी के एक शीर्ष अधिकारी ने नाम न बताने के अनुरोध पर शुक्रवार को से इस घटनाक्रम की पुष्टि की। 2021 में एसीबी के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किए गए अशरफ का कार्यकाल अगस्त 2023 में समाप्त होने की उम्मीद थी।

एसीबी अधिकारी ने कहा, 'पिछले तीन वर्षों के उनके प्रदर्शन के कारण, तालिबान सरकार ने अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में मीरवाइज अशरफ के नए कार्यकाल को तीन और वर्षों के लिए बढ़ा दिया है।' उन्होंने कहा, 'देखिए स्थिरता हमारी सफलता की कुंजी है और हम इसे महत्व देने की कोशिश करते हैं। पिछले तीन वर्षों में हमारे पास एक अध्यक्ष, एक सीईओ और एक कोच था और हमने अपना कप्तान केवल एक बार बदला क्योंकि हमें लगता है कि अगर हम एक क्रिकेट राष्ट्र के रूप में विकसित होना चाहते हैं तो हमें स्थिरता पर मुख्य ध्यान देने की आवश्यकता है और काट-छांट और बदलाव करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए।'

यह पता चला है कि अफगानिस्तान के प्रधान संरक्षक मुल्ला मुहम्मद हसन (देश के प्रधान मंत्री) ने अध्यक्ष के रूप में अशरफ के कार्यकाल को तीन और वर्षों के लिए बढ़ाने का फैसला किया है।

अशरफ, जिन्हें शुरू में बोर्ड के प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया था और बाद में अपना काम जारी रखने के लिए चुने गए, दिसंबर तक बोर्ड चलाएंगे जब वार्षिक आम बैठक में चुनाव होंगे।

# आरजी कर कांड : पुलिस एफआईआर में 'विलफुल रेप' के कानूनी अर्थ को लेकर विवाद

एजेंसी

**कोलकाता :** आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जूनियर डॉक्टर की हत्या और बलात्कार मामले में दर्ज एफआईआर की भाषा को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। एफआईआर में 'विलफुल रेप' शब्द का इस्तेमाल किया गया है, जबकि कानून की भाषा में 'इच्छाकृत बलात्कार' जैसा कुछ नहीं होता। इस विवाद को लेकर आंदोलनकारी डॉक्टरों और वकीलों का एक बड़ा वर्ग सवाल उठा रहा है। टाला थाने में दर्ज एफआईआर संख्या 52 के तहत 'फर्स्ट कंटेंट्स' कॉलम में लिखा है, अननोन मिसक्रीएंट्स कमिटेड विलफुल रेप विद मर्डर,' यानी अज्ञात व्यक्तियों ने जानबूझकर बलात्कार और हत्या की। एफआईआर के अनुसार, घटनास्थल थाना से 750 मीटर की दूरी पर है और यह हत्या व बलात्कार सुबह 10:10 बजे से पहले किसी समय हुई है। इस एफआईआर में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 64 और 103 (1) का जिक्र किया गया है। नए कानून के अनुसार, आईपीसी 64 बलात्कार की धारा है और 103 (1) हत्या की धारा है। साथ ही, एफआईआर में यह भी लिखा गया है कि ₹परिवार से प्राप्त शिकायत पत्र के आधार पर यह एफआईआर दर्ज की गई है। उसी शिकायत पत्र को एफआईआर माना गया है।'

इस एफआईआर की भाषा पर सवाल उठाते हुए आंदोलनकारी डॉक्टर और कई वकीलों का कहना है कि 'विलफुल रेप' जैसी कोई कानूनी परिभाषा नहीं है। मृतक की मां का कहना है, 'हमने पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में लिखा था कि हमारी बेटी के साथ जो क्रूरता हुई है, उसमें जो भी लोग शामिल हैं, उन सबको सजा दी जाए। फिर भी पुलिस ने एफआईआर में सिर्फ एक ही आरोपित का जिक्र क्यों किया?' उनका मानना है कि उनकी बेटी के साथ जो हुआ, वह एक व्यक्ति के बस की बात नहीं थी। वकीलों और आंदोलनकारी डॉक्टरों ने इस संदर्भ में पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी जिक्र किया है। रिपोर्ट में लिखा गया है, 'जेनिटालिया में जबरन प्रवेश के मेडिकल सबूत



मिले हैं, जो यौन हमले की आशंका का संकेत देते हैं।' लेकिन पोस्टमार्टम में सीधे तौर पर बलात्कार का उल्लेख नहीं किया गया है। एक आंदोलनकारी डॉक्टर ने कहा, 'पुलिस का कहना था कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही एफआईआर दर्ज की जाएगी। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बलात्कार का कोई उल्लेख नहीं है। एक आरोपित है या एक से ज्यादा, यह भी स्पष्ट नहीं हुआ है। फिर भी पुलिस ने 'विलफुल रेप' कैसे लिखा?' वकील मिलन मुखोपाध्याय का कहना है, 'विलफुल रेप जैसी कोई कानूनी परिभाषा नहीं है। यह अत्यंत हास्यास्पद है। यह कोई कानूनी भाषा नहीं है। पुलिस ने ऐसा कैसे लिखा, यह समझ से बाहर है।' सूत्रों के अनुसार, इस मामले की जांच सीबीआई द्वारा की जा रही है और एफआईआर में दर्ज भाषा की भी जांच की जा रही है। पुलिस और परिवार के सदस्यों से अलग-अलग पूछताछ की जा रही है। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि इस विवादास्पद एफआईआर की आगे क्या स्थिति रहती है और न्याय प्रक्रिया में इसे किस प्रकार से देखा जाता है।

## आरजी कर कांड के विरोध में कोलकाता में रवींद्र भारती विवि के छात्रों का प्रदर्शन, किया रोड जाम

**कोलकाता :** आरजी कर मेडिकल कालेज व अस्पताल की प्रशिक्षु महिला डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्या के विरोध में रवींद्र भारती विश्वविद्यालय के छात्रों और पूर्व छात्रों के प्रदर्शन के दौरान पुलिस की अभद्रता से स्थिति बिगड़ गई। प्रदर्शनकारियों ने आज तड़के चार बजे बीटी रोड जाम कर दिया। डनलप से श्यामबाजार की ओर जाने वाले मार्ग पर सिथी मोड़ पर वाहनों की लंबी कतार लग गई है। हुआ यह कि शुक्रवार रात करीब 11 बजे बीटी रोड का एक हिस्सा बंद कर विरोध प्रदर्शन किया गया। इसके बाद छात्रों ने नुक्कड़ नाटक किया। तब तक साढ़े तीन बज गया। यह छात्र घटना की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि नाटक के दौरान एक सिविक वॉलंटियर नशे की हालत में बाइक चलाते हुए छात्रों के बैरिकेड से टकराकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने लगा। बताया गया है कि छात्रों ने उसे रोककर दोबारा प्रदर्शन शुरू कर दिया। बाद में एक पुलिसकर्मी उसे छुड़ाने पहुंचा। यह पुलिस वाला भी नशे की हालत में था। इससे छात्रों का गुस्सा और भड़क गया। रवींद्र भारती विश्वविद्यालय के नाटक विभाग की पूर्व छात्रा आम्रपाली भट्टाचार्य ने कहा, ह्लहम शांति से अपनी बात रख रहे हैं। आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले आरोपित को नशेड़ी पुलिसवाले ने भगा दिया है। तड़के 3:55 बजे से हमने नशेड़ी पुलिसकर्मी को रोक रखा है। हमारी मांग है कि उस सिविक वॉलंटियर को वापस यहां लाया जाए और हमारे सामने उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए। बीटी रोड बंद होने से दैनिक यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क बंद होने के कारण वे दूसरे रास्तों की तलाश में दमदम की ओर मेट्रो पकड़ने के लिए जा रहे हैं। एक दैनिक यात्री ने कहा, ह्लमुझे सुबह सात बजे ऑफिस पहुंचना था। मेरी उम्मीद बस पर टिकी थी, लेकिन सड़क बंद होने के कारण अब मुझे परेशानी हो रही है ह्व इस बीच बीटी रोड पर हालात तनावपूर्ण हैं। पुलिस प्रशासन स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास में जुटा हुआ है।

## न्यूज ब्रीफ

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से बुजुर्ग व्यक्ति की मौत

**राजगढ़ :** कालीपीठ थाना क्षेत्र के ग्राम नारायणघाटा में रहने वाला 65 वर्षीय व्यक्ति आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा और मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार बीती रात ग्राम नारायणघाटा निवासी 65 वर्षीय रतनसिंह उर्फ रतनलाल सौंधिया आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया है कि व्यक्ति खेत से घर लौट रहा था तभी मौसम में अचानक बदलाव आया और आकाशीय बिजली की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरू की।

### बेलरगांव बस स्टैंड का हाईमास्ट लाईट खराब, यात्री व ग्रामीण परेशान

**धमतरी :** धमतरी जिले के तहसील बेलरगांव में अव्यवस्था का आलम है। बेलरगांव के बस स्टैंड में लगे हाईमास्ट लाईट लंबे समय से खराब है, जो ग्रामीणों व यात्रियों के लिए मुसीबत बनी हुई है। कई बार मरम्मत की मांग कर चुके हैं, लेकिन ध्यान नहीं दिया जा रहा है, इससे ग्रामीणों में आक्रोश है। वर्तमान में ग्राम पंचायत बेलरगांव तहसील घोषित हो चुका है, लेकिन यहां सुविधाओं की भारी कमी बनी हुई है। शासन-प्रशासन यहां के ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों को सुविधा उपलब्ध कराने गंभीर नहीं है। तहसील मुख्यालय बेलरगांव में बस स्टैंड है, लेकिन यहां लगे हाईमास्ट लाईट लंबे समय से खराब है, इससे बस स्टैंड में शाम ढलते ही अंधेरा छा जाता है। ग्रामीणों व यात्रियों को अंधेरा के बीच आना-जाना पड़ता है। यहां लगे सोलर हाईमास्ट लाईट में रोशनी के लिए कुछ छह लाइटें लगी हुई है। इनमें से केवल दो लाईटें ही कार्य कर रही है। दो लाइट से पर्याप्त प्रकाश नहीं होने के कारण अंधेरा पड़ जाता है। बस स्टैंड के लिए यह प्रकाश पर्याप्त नहीं है। बारिश के बाद खराब हुई लाईट की मरम्मत नहीं होने से लाखों रुपये से निर्मित हाईमास्ट लाइट बेकार पड़ा हुआ है। लाइट मरम्मत के लिए पंचायत के माध्यम से क्रेडा विभाग तक शिकायत कर चुके हैं, लेकिन ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बेलरगांव बस स्टैंड मुख्यतः यात्रियों एवं लोगों के आवागमन के प्रमुख क्षेत्र है। अंधेरा के चलते महिलाओं व युवती यात्रियों के लिए ज्यादा खतरा बना रहता है। ऐसे में ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों ने शासन से शीघ्र ही लाइट मरम्मत की मांग शासन-प्रशासन से की है। बेलरगांव के ग्रामीण हिंछाराम ध्रुव, बुलाकी साह, पंकज साहू का कहना है कि शासन ने बेलरगांव को तहसील तो घोषित कर दिया है, लेकिन यहां कोई विकास नहीं दिख रहा है। तहसील मुख्यालय होने के कारण यहां चकाचक सड़क, बिजली, तहसील मुख्यालय के लिए भवन समेत नगरीय निकायों की तरह यहां भी सुविधा उपलब्ध कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके। जिले के तहसील मुख्यालय भखारा, कुकरेल की तरह यहां भी विकास करने की मांग ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से की है।

### मां पर अपनी ही बच्ची का गला घोंट कर हत्या का आरोप

**नई दिल्ली :** दिल्ली के ख्याला इलाके से दिल झकझोर देने वाली खबर आई है। यहां एक महिला पर आरोप लगा है कि उसने अपनी 6 दिन की बच्ची का कत्ल कर शव बैग में भर कर पड़ोसी की छत पर फेंक दिया। उसने परिवार को गुमराह करने के लिए बच्चा चोरी होने की कॉल कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़िता के बयान पर केस दर्ज किया। डीसीपी विचित्र वीर के अनुसार जांच के दौरान पुलिस को महिला पर शक हुआ। महिला से सख्ती से पूछताछ करने पर वह टूट गई और अपना अपराध कबूल किया। महिला ने बताया कि यह उसकी चौथी बच्ची है। इससे पहले दो बच्ची की मौत हो चुकी है। शुक्रवार सुबह उसने बच्ची की गला घोंट कर हत्या कर दी। फिर शव को पड़ोसी की छत पर रख दिया। वहीं, पुलिस के मुताबिक मौत का कारण जानने के लिए शव के पोस्टमॉर्टम तक का इंतजार करना होगा। आरोपित महिला की पहचान शिवानी के रूप में हुई है।

### ब्राजील में एक्स पर प्रतिबंध, आदेश के उल्लंघन पर भरना होगा जुर्माना

**वाशिंगटन :** ब्राजील के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर प्रतिबंध लगाने पर एलन मस्क ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। 'एक्स' आज के दौर में दुनिया का सर्वाधिक लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म है। चर्चित अरबपति अमेरिकी उद्यमी एलन मस्क 'एक्स' के मालिक हैं। मस्क ने ब्राजील में एक्स के प्रतिबंध (निलंबन) करने के फैसले पर टिप्पणी करते हुए इसे 21वीं सदी में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अभूतपूर्व हमलों में से एक कहा है। उल्लेखनीय है कि ब्राजील के सुप्रीम फेडरल कोर्ट के न्यायाधीश डी मोरेस ने शुक्रवार को देश में एक्स को निलंबित (प्रतिबंध) करने का आदेश दिया। न्यायाधीश मोरेस ने इससे पहले मस्क को 24 घंटे के अंदर अदालत को सूचित करने का आदेश दिया था कि ब्राजील में एक्स का नया कानूनी प्रतिनिधि कौन होगा। उन्होंने चेताया था कि यह जानकारी न देने पर एक्स को निलंबित कर दिया जाएगा। मस्क के जवाब देने की समय सीमा गुरुवार शाम खत्म हो गई। एक्स ने शुक्रवार को कहा कि वह ब्राजील की एक अदालत के अवैध आदेशों का पालन करने से इनकार करता है। साथ ही तंज कसा कि वह एक्स के ब्राजील में बंद होने की उम्मीद करता है। सनद रहे इस माह के मध्य में एक्स ने सेंसरशिप और उपयोगकर्ता अकाउंट की जानकारी की मांग के साथ मोरेस का एक पत्र प्रकाशित किया था। इसमें कहा गया था कि यह न केवल ब्राजील में, बल्कि अमेरिका और अर्जेंटीना में भी उपयोगकताओं को प्रभावित कर सकता है। इससे कुछ समय पहले एक्स ने ब्राजील में कुछ अकाउंट्स की सेंसरशिप का अनुरोध करते हुए न्यायाधीश का एक पत्र भी भेजा था। अमेरिका के प्रमुख समाचार पत्र द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, एलन मस्क ने पिछले सप्ताह ब्राजील में एक्स का कार्यालय बंद कर दिया था। इससे पहले न्यायमूर्ति मोरेस ने एक्स खातों को हटाने के उनके आदेशों की अनदेखी करने पर गिरफ्तारी की धमकी दी थी। न्यायाधीश ने कहा था कि आदेश की अनदेखी करना ब्राजीलियाई कानूनों का उल्लंघन है। एक्स ने कहा है "वह जस्टिस मोरेस के सीलबंद आदेशों को अवैध मानता है और उसने उन्हें प्रकाशित करने की योजना तैयार की है।

## देशी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस के साथ नेपाली युवक गिरफ्तार

- भारत-नेपाल सीमा पर गांजा तस्करो के लिए कर रहा था लाइनिंग

**पूर्वी चंपारण :** एसएसबी और झरौखर पुलिस ने शुक्रवार की देर रात संयुक्त कारवाई करते हुए भारत नेपाल सीमा के पिलर संख्या 356/4 के समीप से एक नेपाली युवक को देशी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा है। एसएसबी के अधिकारियों ने बताया कि उक्त बदमाश नेपाल से होने वाले गांजा तस्करी के लिए रात्रि में बॉर्डर पर लाईनिंग का कार्य कर रहा था। जिसे गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है। युवक की पहचान नेपाल के रौतहट जिले के बंकूल निवासी मुसाफिर यादव का पुत्र सिकंदर यादव(35) के रूप में हुई है। जिसके पास से एक



देसी कट्टा एवं तीन जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। उक्त करवाई झरौखर थाना क्षेत्र के पीठवा गांव के समीप भारत नेपाल सीमा के पांच सौ मीटर दायरे में हुआ है। झरौखर पुलिस बदमाश को हिरासत में रख कड़ी निगरानी में पूछताछ कर रही है। सीमावर्ती क्षेत्र में गांजा के कारोबार में संलिप्त अन्य कारोबारियों को पुलिस चिन्हित कर रही है तथा बदमाश के नेपाल में अंजाम दिए क्राइम हिस्ट्री को भी खंगालने में जुटी है।

## हथियार समेत भारी मात्रा में जिंदा कारतूस बरामद

**तिनसुकिया ।** तिनसुकिया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर भारी मात्रा में कारतूस समेत अत्याधुनिक हथियार बरामद किया है। इसकी जानकारी राज्य के पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह ने शनिवार को सोशल मीडिया के जरिए दी। जीपी सिंह ने बताया है कि गैरकानूनी हथियार रखने के खिलाफ अपने प्रयासों को जारी रखते हुए, तिनसुकिया में पुलिस एक हेकलर एंड कोच एसएमजी अत्याधुनिक हथियार, 130 राउंड जीवित कारतूस, 2 मैगजीन और लगभग एक किलोग्राम पीईके विस्फोटक पाउडर बरामद किया है। हथियार असम-अरुणाचल सीमा पर सक्रिय एक प्रतिबंधित संगठन से जुड़े होने का संदेह है। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर

### सीएसआईआर-आईआईपी दून में वैज्ञानिकों और छात्रों के साथ करेंगे बातचीत

एजेंसी

**देहरादून :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शनिवार को उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। वे आज दोपहर बाद देहरादून पहुंचेंगे और पेट्रोलियम यूनिवर्सिटी के कार्यक्रम में शामिल होंगे। उपराष्ट्रपति 01 सितंबर को राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज जाएंगे और फिर ऋषिकेश एम्स जाएंगे। उनके आगमन को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। उपराष्ट्रपति शनिवार दोपहर बाद लगभग साढ़े तीन बजे के करीब जौलीग्रांट स्थित देहरादून एयरपोर्ट पहुचेंगे। उपराष्ट्रपति शाम चार



बजे पेट्रोलियम यूनिवर्सिटी पहुचेंगे। चार से पांच बजे के बीच वह देहरादून स्थित वैज्ञानिक व औद्योगिक अनुसंधान परिषद-भारतीय पेट्रोलियम संस्थान के वैज्ञानिकों, संकाय सदस्यों और छात्रों से बातचीत करेंगे। जबकि पांच बजकर 20 मिनट पर राजभवन पहुचेंगे। राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे। दूसरे दिन 01 सितंबर को उपराष्ट्रपति सुबह नौ बजकर 55 मिनट पर राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कालेज पहुंचेंगे। वहां करीब एक घंटा रुककर 11 बजकर 40 मिनट पर ऋषिकेश हेलीपैड पहुचेंगे। 11 बजकर 55 मिनट पर एम्स ऋषिकेश में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। दोपहर 12 से एक बजे के बीच वह मेडिकल संकाय के छात्र और सदस्यों से बातचीत करेंगे। पुलिस ने उपराष्ट्रपति के देहरादून आगमन को लेकर सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की है। पुलिस ने यातायात प्लान जारी किया गया है।

## गुजरात से आगे बढ़ा चक्रवात

- 17 राज्यों में भारी बारिश का पूर्वानुमान

एजेंसी

**नई दिल्ली :** मूसलाधार बारिश की मार और बाढ़ की विभीषिका से घिरे गुजरात पर फिलहाल असना तूफान के रूप में तब्दील हुए चक्रवात से होने वाली तबाही का खतरा टल गया। गुजरात सरकार ने एहतियातन कच्छ तट को खाली करा लिया था। तूफान के ओमान की तरफ मुड़ जाने से प्रशासन ने राहत की सांस ली। इस तूफान को असना नाम पाकिस्तान ने दिया है। बावजूद इसके इस राज्य को अभी बरसात से राहत मिलती नहीं दिख रही। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने आगामी दो-तीन दिन तक 17 राज्यों में भारी बारिश का पूवार्नुमान आज सुबह जारी किया है। विभाग के अनुसार, इस बीच मध्य और निकटवर्ती उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बना है। इसके प्रभाव से पश्चिम




बंगाल, ओडिशा, तटीय आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ में अगले दो से तीन दिन अत्यधिक वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले सात दिन तक जिन राज्यों में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है उनमें गुजरात, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, गोवा, महाराष्ट्र, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब, दिल्ली, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर शामिल हैं। गुजरात के सौराष्ट्र और कच्छ पर कल दिन भर चक्रवात का खतरा मंडराता रहा। चक्रवात के असर से तेज हवाएं चलीं और भारी बारिश हुई। मगर देररात असना तूफान के रूप में तब्दील हुए चक्रवात के ओमान की तरफ मुड़ जाने से तबाही की आशंका टल गई। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1976 के बाद अगस्त के महीने में यह पहला मौका है जब अरब सागर से कोई चक्रवात उठा। इसकी हलचल शुक्रवार सुबह 11:30 बजे तक भुज से 190 किलोमीटर पश्चिम-उत्तर पश्चिम में दिखी। विभाग ने कहा है कि अब यह पूर्वोत्तर अरब सागर के ऊपर पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ेगा। इसके प्रभाव से 24 घंटे के दौरान गुजरात के सौराष्ट्र और कच्छ में मूसलाधार बारिश हुई है।

## रिपेयरिंग के लिए हैंग कर ले जाया जा रहा हेलीकॉप्टर क्रैश, नहीं था कोई यात्री

**रुद्रप्रयाग :** केदारनाथ में एक हेलिकॉप्टर नदी में जा गिरा। यह हेलीकॉप्टर मई माह में लैंडिंग के दौरान खराब हो गया था और इसकी रिपेयरिंग होनी थी। शनिवार सुबह एमआई-17 हेलिकॉप्टर से इस क्षतिग्रस्त हेलिकॉप्टर को लिफ्ट कर गौचर हवाई पट्टी पहुंचाया जा रहा था। इस दौरान एमआई-17 डिसबैलेंस होने लगा। खतरे को भांपते हुए पायलट ने खाली स्थान देखते हुए हेलीकॉप्टर को घाटी में ड्रॉप कर दिया। जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि इसी साल 24 मई को तकनीकी खराबी के कारण केदारनाथ हेलीपैड से कुछ दूरी पहले ही हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग कराई गई थी। पायलट की सूझबूझ से हेलीकॉप्टर में सवार सभी यात्रियों की सुरक्षित लैंडिंग हुई थी। पर्यटन अधिकारी ने बताया कि शनिवार को हेलीकॉप्टर की रिपयेरिंग के लिए उसे गौचर हवाई पट्टी ले जाने की योजना थी, जिसके अनुसार सुबह सात बजे वायु सेना के एमआई 17 हेलीकॉप्टर से क्रिस्टल एविएशन के हेलीकॉप्टर को हैंग कर गौचर पहुंचाया जाना था।

## अंतिम दिन कड़ी की गई आरक्षी भर्ती परीक्षा की निगरानी व्यवस्था



एजेंसी

**जौनपुर :** पांच दिवसीय आरक्षी भर्ती परीक्षा के आखिरी दिन शनिवार को परीक्षा चल रही है। जिले में 34 केंद्रों पर कड़ी निगरानी में परीक्षाएं हो रही हैं। आज दोनों पालियों में होने वाली परीक्षा में कुल 56,736 अभ्यार्थी सम्मिलित होंगे। दूसरे चरण की परीक्षा में पहले दिन 30 अगस्त को परीक्षा की शुचिता में सेंध लगाने के प्रयास करते दो आरोपितों की गिरफ्तारी के बाद नकल विहीन परीक्षा बनाये रखने को और भी पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। जिले में शुक्रवार को संपन्न हुई परीक्षा में कुल पांच छात्र फजीर्वाड़ा करते हुए गिरफ्तार किए गए थे। इसको देखाते हुए आज अंतिम दिन परीक्षा के हर केंद्र पर एक–एक सीसीटीवी कैमरे से 24-24 अभ्यर्थियों की निगरानी की जा रही है। दोनों दिन प्रथम पाली में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक और दूसरी पाली में दोपहर बाद तीन से पांच बजे तक परीक्षा होगी। प्रतिदिन 28,368 व प्रत्येक पाली मे 14184 अभ्यर्थी परीक्षा में समिम्मलित होंगे। परीक्षा केंद्रों पर लगाये गए सीसीटीवी कैमरों को पुलिस लाइन में बनाये गए कंट्रोल रूम से सम्बद्ध किया गया है। वहां से तीन स्तर से पुलिस अधिकारी प्रत्येक अभ्यर्थी की पल–पल की गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। किसी भी स्तर पर कोई चूक परीक्षार्थी ही नहीं, केंद्र व्यवस्थापक व कक्ष निरीक्षकों को भारी पड़ेगी। केंद्र व्यवस्थापक के अलावा कोई भी अपने पास मोबाइल या अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स गैजेट नहीं रख सकेगा। अभ्यर्थियों को अपने परीक्षा केंद्र पर आधे घण्टे पहले पहुंचना होगा। परीक्षा की शुचिता बनाये रखने के सम्बंध में सभी जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों को गुरुवार को कई दौर की मीटिंग में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे। परीक्षा को सकुशल, पारदर्शी व नकल विहीन सम्पन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा ने शनिवार को जिला कलेक्ट्रेट स्थित स्ट्रांग रूम व थाना सरायख्वाजा क्षेत्र अंतर्गत वीर बहादुर सिंह पुर्वांचल विश्वविद्यालय परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

## हिमाचल में खिली धूप, दो व तीन को बारिश का येलो अलर्ट

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में शनिवार को मौसम साफ बना हुआ है। राजधानी शिमला सहित अन्य प्रमुख शहरों में धूप खिली है। पिछले कुछ दिनों से राज्य में अतिभारी बारिश व बादल फटने की घटनाएं न होने से लोगों ने राहत की सांस ली है। हालांकि कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो रही है। सितंबर के पहले हफ़्ते में भी बादल जमकर बरस सकते हैं। इसे लेकर मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आगामी दो व तीन सितंबर को येलो अलर्ट जारी किया है। दो सितंबर को मैदानी व मध्यपर्वतीय इलाकों में भारी वर्षा की



चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग ने इन्हीं हिस्सों में तीन सितंबर को मेघ गर्जन व आसमानी बिजली गिरने की आशंका जताई है। लाहौल-स्पीति और किन्नौर को छोड़कर शेष 10 जिलों में येलो अलर्ट जारी करते हुए लोगों को घरों से बाहर निकलते समय एहतियात बरतने व सतर्क रहने की सलाह दी गई है। यह भी अपील की गई है कि लोग नदी-नालों से दूर रहें व भूस्खलन संभावित इलाकों की यात्रा न करें। छह सितंबर तक राज्य भर में मौसम के खराब रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में पहली जून से 30 अगस्त तक सामान्य से 23 फीसदी कम वर्षा हुई है। अगस्त महीने में शिमला, सिरमौर, कांगड़ा, मंडी और बिलासपुर जिलों में ही सामान्य से ज्यादा वर्षा हुई जबकि शेष सात जिलों में बादल कम बरसे हैं। राज्य में मानसून ने 27 जून को दस्तक दी थी। अक्टूबर के पहले हफ्ते मानसून प्रदेश से रुखसत होता है।

### इन स्थानों पर हुई वर्षा

पिछले 24 घण्टों के दौरान सुंदरनगर में सर्वाधिक 44, शिलारू में 43, जुब्बड़हट्टी में 20, मनाली में 17, शिमला में 15, स्लापड व डल्हौजी में 11-11 और घुमरूर में आठ मिमी वर्षा रिकार्ड हुई है।

### शिमला की 34 सड़कें बंद

इस बीच पिछले दिनों हुई व्यापक वर्षा से अभी भी कई सड़कों पर वाहनों की रफ्तार थमने से लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



## नवलशाही मे बिना चालान के बोल्डर लदा तीन हाईवा जब्त

**डोमचांच (कोडरमा):** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा - गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित थाना भवन के समीप शुक्रवार देर रात को एक हाईवा डब्लू बी 39बी 7026 व शनिवार अहले सुबह 2 हाईवा एच आर 46 ई 6218 व एक टाटा कंपनी के बोल्डर लदा हाईवा नवलशाही थाना पुलिस ने बगैर चालान के बोल्डर लदा हाइवा ट्रक को जप्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार नवलशाही थाना भवन के करीब वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था. इसी दौरान बोल्डर लदा तीन हाइवा जो घोरथम्बा की ओर से आ रही थी जहाँ उक्त स्थल पर पहले से मौजूद अधिकारीयों ने जहां हाइवा को रोककर चालक से बोल्डर से संबंधित चालान की मांग की गई परंतु चालक द्वारा कोई कागजात नहीं प्रस्तुत करने पर वाहन को जब्त कर नवलशाही थाना परिसर में अग्रेषित कार्रवाई के लिए सुरक्षित रखा गया है ।

## लातेहार के नये एसपी कुमार गौरव ने पदभार किया ग्रहण



**भारतीय** पुलिस सेवा 2017 बैच के आईपीएस अधिकारी कुमार गौरव ने लातेहार जिला के नये पुलिस कप्तान के रूप में अपना पदभार निवर्तमान पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन से ग्रहण किया। श्री गौरव इससे पूर्व साहेबगंज जिला में पुलिस अधीक्षक के रूप में पदस्थापित थें। श्री गौरव ने साहेबगंज जिला में एसपी के रूप में 3 जनवरी 2024 को अपना पदभार ग्रहण किया था और आठ माह के बाद उनका तबादला लातेहार जिला में हो गया है। इससे पूर्व वे कोडरमा के भी पुलिस अधीक्षक रह चुके हैं तथा पुलिस अधीक्षक के रूप में यह उनकी तीसरी पदस्थापना है। भारतीय पुलिस सेवा 2017 बैच के अधिकारी ने लातेहार में पुलिस कप्तान के रूप में अपना पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि लातेहार जिला में बेहतर विधि व्यवस्था और शांति व्यवस्था उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा आम जनमानस को सुरक्षा और बेहतर कानुन व्यवस्था उपलब्ध कराना पुलिस की परम दायित्व है। लोग अपनी समस्या और परेशानी को लेकर उनसे मिल सकते हैं और अपनी बात कह सकते हैं। पुलिस और आम लोगों के बीच मैत्रिपूर्ण संबंध प्रगाढ़ हो। पुलिस लोगों की सच्ची और अच्छी मित्र है और कोई भी सूचना हो तो वे निर्भिक होकर पुलिस को दें। पुलिस पुरी गोपनियता के साथ उक्त जानकारी को रखेगी और तत्क्षण कार्यवाही भी करेगी। इससे पूर्व नवपदस्थापित पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के पदभार ग्रहण करने के पश्चात लातेहार के अनुमण्डल पुलिस उपाधीक्षक अरविन्द कुमार ने नवपदस्थापित पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को पुष्प गुच्छ देकर उनका पुलिस परिवार की ओर से स्वागत किया और उन्हें शुभकामना भी दी।

## बदले गए कई थानों के थानेदार

**सिमडेगा:** एसपी सौरभ सिमडेगा ने जिले की विधि व्यवस्था दुरुस्त रखने के उदेश्य से जिले के कई थानों के प्रभारी और पुलिस कर्मी बदले। जानकारी के अनुसार एसपी ने जिले में पदस्थापित पु नि दिनेश कुमार प्रजापति को पु नि-सह-थाना प्रभारी सिमडेगा थाना, पु नि रामानुज कुमार वर्मा को पु नि बानो अंचल, पु नि भिखारी राम को पु नि सिमडेगा अंचल, पु नि विनोद कुमार पासवान को पु नि जलडेगा अंचल, पुअनि सच्चिदानन्द गुप्ता को पुलिस केंद्र सिमडेगा, पुअनि विनय कुमार को पुलिस केंद्र सिमडेगा, पुअनि मुरताज अंसारी को ठेठईटांगर थाना प्रभारी, पुअनि मिर्जा उरॉव ओपी प्रभारी बांसजोर, पु०अ०नि० सजल धान को ओपी प्रभारी ओडगा, पु०अ०नि० मनोज महली को ठेठईटांगर थाना, पु०अ०नि० सकलदेव महतो को कोलेबिरा थाना, पु०अ०नि० कुन्दन कुमार राव को ओडगा ओपी , पु०अ०नि० मनोहर कुमार मठपति को अनुसंधान विंग, पु०अ०नि० विनायक कुमार पाण्डेय अनुसंधान विंग, पु०अ०नि० विरेन्द्र मुर्मू को अनुसंधान विंग, पु०अ०नि० महेन्द्र प्रसाद को पुलिस केंद्र पु०अ०नि० देवनन्दन प्रसाद पुलिस केंद्र,, पु०अ०नि० संतोष कुमार सिंह को पीसीआर, पु०अ०नि० विद्यासागर चौरसिया को बांसजोर ओपी, स०अ०नि० शिवचरण उराँव को अतिरिक्त प्रभार कोर्ट मालखाना, सिमडेगा, स०अ०नि० इसरार अहमद को बानो थाना, स०अ०नि० अनिरूद्ध पासवान को गिरदा ओ०पी०, स०अ०नि० अक्षयवर राम को ठेठईटांगर थाना भेजा।

## नीरा यादव ने कोडरमा की शिक्षा व्यवस्था को लेकर राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन




**कोडरमा:** बिगड़े शिक्षा व्यवस्था को लेकर शुक्रवार को राज्यपाल संतोष गंगवार को राज्यपाल भवन में ज्ञापन सौंप कर विद्यार्थियों की परेशानियों की व्यथा को मौखिक भी सुनाई। डॉ नीरा यादव ने कहा कि कोडरमा जिले की शिक्षा व्यवस्था पर हेमंत सरकार का दोहरा चरित्र एक बार फिर उजागर हो गया है, जिससे जिले के लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। सरकार के पांच साल पूरे होने वाले हैं, लेकिन जिले में शिक्षा के क्षेत्र में अब तक कोई भी महत्वपूर्ण कार्य नहीं किया गया है। ज्ञात हो कि पूर्व सरकार में नीरा यादव कोडरमा को शिक्षा हब बनाने की दिशा में सार्थक कदम उठाते हुए नए कॉलेजों की स्थापना की थी, लेकिन मौजूदा हेमंत सरकार की नजरें उन पर भी टिकी हुई हैं। यह सरकार, शिक्षा को प्राथमिकता देने के बजाय, यहां के छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। यह स्थिति जनता के लिए किसी भी दृष्टि से स्वीकार्य नहीं है। गौरतलब है कि हाल ही में, जिले का एकमात्र अंगीभूत जगन्नाथ जैन महाविद्यालय, झुमरी तिलैया, और जिले के अन्य मान्यता प्राप्त डिग्री कॉलेजों को विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग से हटाकर गिरिडीह जिले में नवनिर्मित विश्वविद्यालय से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। यह कदम इस सरकार की नाकामी का एक और उदाहरण बनकर उभरा है।

### भाजपा नेता श्रद्धानन्द ने पाकरटांड़ में किया प्रखण्ड का दौरा

# ग्रामीणों की समस्या सुन, अधिकारियों से की बात, समाधान का दिया आश्वासन





**मेट्रो रेज**

**सिमडेगा:** पाकर डांड प्रखंड सिकरियाडांड पंचायत बागडांड डीपा टोली के ग्रामीणों ने भाजपा नेता श्रध्दानंद बेसरा को जानकारी दी कि विगत दिनों से गांव में बिजली नहीं है, जिसके कारण काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है।

सुचना मिलने के उपरांत श्री बेसरा बागडांड डीपा टोली पहुंचे एवं वस्तु स्थिति से अवगत हुए। गांव के लोगों ने श्री बेसरा को बताया कि आकाशीय बिजली के प्रभाव में आने से इंसुलेटर और विद्युत तार क्षतिग्रस्त होने से हमलोग अंधेरे में हैं। श्री बेसरा ने इस बात की जानकारी विद्युत सहायक अभियंता सिमडेगा को दिया एवं समस्या को जल्द समाधान करने का आग्रह किए।

ग्रामीणों ने श्री बेसरा को यह भी कहा कि हमारा गांव चारों ओर से कच्चे रास्तों से जुड़ा हुआ है, वर्षात के दिनों में कच्चे रास्ते में कादो किचड़ हो जाते हैं, गांव में ही मुख्य पथ से 1.5 किलोमीटर में रा.उ.मा.वि स्थिति है, गांव के काफी बच्चे इस स्कूल में पढ़ाई करते हैं । लेकिन वर्षात के दिनों में रास्ते में कादो किचड़ हो जाने से इनके साथ ही साथ आम ग्रामीणों को भी काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में कच्चे रास्ते को पीसीसी पथ बनाने के लिए ग्रामीणों ने उपायुक्त के नाम एक आवेदन पत्र भी श्री बेसरा को सौंपा।

श्री बेसरा ने गांव के स्कुल प्राचार्य महोदय से मुलाकात किए, प्राचार्य महोदया ने श्री बेसरा को बताया कि स्कूल में 136 बच्चे पहली कक्षा से आठवीं कक्षा तक शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। विद्यालय में आठ कक्षाएं संचालित है, उन्ही में से एक कक्षा को स्टाफ कार्यालय बनाया गया है, बाकी सात कक्षाओं में बच्चे पढ़ाई करते हैं, पहली कक्षा और दुसरी कक्षा के बच्चे क्लासरूम की कमी के कारण एक साथ पढ़ाई करते हैं। विद्यालय में छह शिक्षकों की बहाली होने चाहिए थे परन्तु चार शिक्षकों का योगदान लिया जा रहा है जिसमें दो सरकारी और 2 पारा शिक्षक कार्यरत हैं। स्कूल में बने जलमीनार खराब हैं, स्कूल भवन के तीन कमरों में पानी का रिसाव हो रहा है, विद्यालय में चारदीवारी नहीं रहने के कारण विद्यालय परिसर असुरक्षित हैं। खेल मैदान को समतलीकरण करने की आवश्यकता है । इत्यादि अनेकों समस्याओं से श्री बेसरा रूबरू हुए । लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आप लोगों की समस्यायों को सक्षम विभाग के अधिकारियों को जानकारी दी जाएगी एवं समस्याओं को जल्द से जल्द समाधान करने के लिए आग्रह किया जाएगा।

गांव एवं विदयालय परिसर में स्थित खराब चापाकलों को मरामाती करने के लिए श्री बेसरा ने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल सिमडेगा के जेई जी को सुचित किया एवं जल्द से जल्द मरम्मत का आग्रह किया।

मौके पर अमर बेसरा, कमल गोंड,मोहन मांझी, चंद्र गोड़ मजनू गोंड़ मगन गोंड़ प्रफुल्ल गोंर दीनू गोंड सभीराम प्रधान, रतनगोड़ बाबू गोंड प्रदीप प्रधान दिलीप गोंड़ सुलेन प्रधान लीलाधर नायक बलदेव प्रधान इत्यादि अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

# आलोक राज बने बिहार के नये डीजीपी



**बिनय मिश्रा**

**भारतीय** पुलिस सेवा 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी आलोक राज आज बिहार के नये डीजीपी बनाये गयें। श्री राज अपने बेहतर और उत्कृष्ठ कार्य तथा विधि व्यवस्था तथा अपराध नियंत्रण के लिए हमेशा प्रख्यात रहे हैं। इसी के फलस्वरूप राज्य सरकार ने इन्हें बिहार का नया डीजीपी बनाया है। श्री राज की यह विशेषता रही है कि वे जहां भी अपने पदस्थापनाकाल के दौरान एसपी के रूप में पदस्थापित रहें। उक्त जिला को काफी बेहतर बनाया बाद डीआईजी, आईजी, अपर पुलिस महानिदेशक एवं विजिलेंश के डीजीपी के रूप में भी इनके कार्य काफी उत्कृष्ठ और बेहतर रहें। यही नहीं श्री राज सीआरपीएफ के भी डीआईजी और आईजी भी रह चुके हैं। इनके पदस्थापनाकाल के दौरान नक्सल विरूद्ध चलाये गये सशक्त अभियान काफी कारगर रहें तथा नक्सलियों को बैकफुट पर जाना पड़ा। ऐसे आईपीएस अधिकारी निश्चित तौर पर राज्य और विभाग के लिए हमेशा गौरव रहे हैं। वहीं श्री राज के बिहार के नये डीजीपी बनने से श्री राज की लम्बी प्रशासनिक क्षमता दक्षता और कार्य करने की बेहतर पद्धति से बिहार में विधि व्यवस्था और प्रदेशवासियों को बेहतर सुरक्षा व्यवस्था और आम जनों को स्वच्छ और निर्भिक वातावरण मिलेगा। गौरतलब हो कि आलोक राज अविभाजित बिहार के समय एकीकृत पश्चिम सिंहभूम चाईबासा के लोकप्रिय पुलिस अधीक्षक रह चुके हैं और इनके बेहतर कार्य को लोग आज भी याद करते हैं। यह भी अजीब संयोग है - अविभाजित बिहार के समय एकीकृत पश्चिम सिंहभूम, चाईबासा के तत्कालीन उपायुक्त ब्रजेश मेहरोत्रा वर्तमान समय में बिहार के मुख्य सचिव हैं वहीं चाईबासा, पश्चिम सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक रह चुके आलोक राज बिहार के नये डीजीपी बनाये गये हैं। इस प्रकार से बिहार के दोनों सर्वोच्च अधिकारी पश्चिम सिंहभूम चाईबासा में पदस्थापित रह चुके हैं।

# पंचायतों में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विशेष शिविर का आयोजन

**सिमडेगा:-** राज्य सरकार द्वारा संचालित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपकी द्वार कार्यक्रम के तहत जिले में 30 अगस्त से 15 सितंबर तक प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में प्रथम दिन जिले के कुल 08 प्रखण्डों के पंचायतों में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के प्रथम दिन उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने ठेठईटांगर प्रखंड के पाईकपारा, पंचायत भवन आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंच सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर जिले में कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, मुखिया सुशीला, प्रखंड विकास पदाधिकारी ठेठईटांगर नुतन मिंज, अंचलाधिकारी ठेठईटांगर श्री कमलेश उरांव सहित अन्य गणमान्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस की दीदीयों द्वारा अतिथियों को स्वागत गान के साथ परंपरागत तरीके से स्वागत किया।




उपायुक्त महोदय ने कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणजन को संबोधित करते कहा कि भारत एक लोक कल्याणकारी देश है। इसका अर्थ है कि सरकार बनती है लोगों की कल्याण के लिए। सरकार जितनी भी योजनाएं बनती है, जितनी भी योजनाएं चलाती है, सारे आपके लिए है। लेकिन सरकार और जनता के बीच काफी दूरी हो जाती है जिसको काम करने के लिए सरकार इस तरह का लोक कल्याणकारी त्यौहार का आयोजन करते हैं। झारखंड सरकार बहुत ही अग्रणी रहा है आज से 4 वर्ष पहले वर्तमान राज्य सरकार ने इस कार्यक्रम की शुरूआत किया। आपके लिए जो योजनाएं हैं, जो लोक कल्याणकारी योजनाएं हैं, जो आपको मिलना चाहिए लेकिन कुछ दूरी के कारण नहीं मिल पाती है। यह कई बार जानकारी के अभाव में आप सभी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह जाते हैं। आप सभी को सरकार की जो महत्वाकांक्षी योजना है उसका लाभ मिले, इसी उद्देश्य के साथ राज्य सरकार के निदेर्शानुसार चौथी बार सरकार आपके द्वारा चल कर आई है, आप सभी स्टॉलों पर जायें और योजनाओं की जानकारी लेते हुए आवेदन कर सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें। अंत में उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही है मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना, पेंशन योजना, हर राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना सहित अन्य योजनाओं के विस्तृत जानकारी देते हुए सबकी सहभागिता से इस कार्यक्रम को सफल बनाने की बात कहीं। साथ ही उपायुक्त महोदया के द्वारा विशेष शिविर में लगे विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया गया।

उपायुक्त सिमडेगा के द्वारा लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के कुल 07 लाभुक महिलाओं को डमी चेक प्रदान किये, एसएचजी की महिलाओं को 07 आईडी कार्ड प्रदान किये, वहीं कई लाभुकों के बीच धोती-साड़ी वितरण योजना से आच्छादित किया गया। इसके अलावा विभिन्न योजनाओं का लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र दिया गया। तथा कार्यक्रम दौरान कई जरूरतमंद लाभार्थियों का आवेदनों पर करवाई करते हुए ऑन द स्पॉट निष्पादन कर लाभ से आच्छादित किया।

## सीटी बजाओ अभियान को राष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचान

### शिखर समेल्लन में स्कॉच अवॉर्ड के लिए सिमडेगा उपायुक्त को किया गया आमंत्रित



**सिमडेगा:** जिले के लिए आज गौरव की बात है। इस जिले को एक राष्ट्रीय स्तर के अवार्ड के लिए चयन किया गया है। इस महत्वपूर्ण अवार्ड की घोषणा के बाद से सिमडेगा को राष्ट्रीय पटल पर पहचान मिली है। राष्ट्रीय अवार्ड (स्कॉच अवार्ड) से सिमडेगा को नवाजा जाना फख्र की बात है। इस संबंध में स्कॉच ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर दीपक दयाल ने उपायुक्त सिमडेगा को सूचित करते हुआ कहा कि आगामी 21 सितंबर को उन्हे नई दिल्ली में समारोहपूर्वक अवार्ड से नवाजा जाएगा। विदित हो सिमडेगा शिक्षा विभाग द्वारा सीटी बजाओ जैसे अनुपम प्रयोग ने ही सिमडेगा को इस अवार्ड तक पहुंचाया। 11 जनवरी 2024 को बंगरू में बजाई गई सीटी की गूंज बहुत उपर तक ले गई सिमडेगा को। यहां इस बात का जिक्र करना प्रासंगिक होगा कि सिमडेगा के तत्कालीन एसडीईओ बादल राज ने ही इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर इस प्रोजेक्ट पर अपनी पूरी मेहनत झोंक दी।इसमें शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों सहित जिले के शिक्षक और छात्रों का महती योगदान रहा। गांव के बच्चों को नियमित स्कूल से जोड़ने के लिए सिमडेगा के एक छोटे से स्कूल से शुरू हुआ सीटी बजाओ अभियान पूरे जिले में सफलता है हासिल करते हुए राज्य के लिए एक मॉडल अभियान बन गया। लेकिन इस सिटी की गूंज यहीं नहीं रुकी सिमडेगा की सीटी बजाओ अभियान को राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिली है। इस अभियान की कामयाबी की गूंज आगे कितने ऊपर तक जायेगी ये तो आने वाला वक्त बताएगा। लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर इस अभियान को नवाजा जाना, निश्चित रूप से इस अभियान के पीछे की गई स्कारात्मक मेहनत और लगन का सुखद परिणाम है।

## खिलाड़ियों का सम्मान मेरी प्रथमिकता: डॉ परमेश्वर भगत



**चान्हो:** प्रखंड के सोंस पंचायत के खेल प्रेमियों को पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत ने फुटबॉल और जर्सी का वितरण किया। डॉ परमेश्वर भगत ने खूब गावो, खूब नाचो, खूब खेलो और खूब पढ़ो का आहवान किया। इन्होंने कहा कि अच्छा संगति में रहते हुए नशा पान जैसे बुरी आदतों से युवाओं को बचाना है, ताकि हमारा समाज एक स्वच्छ समाज बने।